दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 63 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 04 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## देशभर में 2026 का पहला सुपरमून दिखा : चांद सामान्य से 14 गुना बड़ा और 30% ज्यादा चमकीला नजर आया

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/लखनऊ/मुंबइ (एजेंसी)।** देशभर में शनिवार की रात सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दे रहा है। यह 2026 का पहला सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30% ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून को बिना किसी उपकरण के भी आसानी से देखा जा सकता है लेकिन अगर कोई दूरबीन या छोटा टेलिस्कोप इस्तेमाल करे, तो चांद की सतह की बनावट ज्यादा साफ नजर आती है। यह सुपरमून अक्टूबर से शुरू हुए चार महीनों के सुपरमून रन का आखिरी था। इसके बाद 2026 के अंत में अगला सुपरमून दिखेगा। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है।



आमतौर पर चंद्रमा सबसे दूर 4,05,000 किलोमीटर और सबसे करीब 3,63,104 किलोमीटर दूर होता है। खगोलीय भाषा में इसे सुपर वुल्फ मून कहा जाता है। जनवरी की ठंड में उत्तरी गोलार्ध में पहले भेड़ियों की आवाजें ज्यादा सुनाई देती थीं, इसलिए इस महीने की पूर्णिमा को वुल्फ मून नाम मिला।






## मोदी बोले-125 साल बाद बुद्ध के अवशेष भारत लाए गए
### उनके लिए ये एंटीक पीस थे हमारे लिए सबकुछ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेषों की भारत वापसी पर कहा कि इन अवशेषों को अपने बीच पाकर हम धन्य है। 125 साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है। अवशेषों का भारत से बाहर जाना फिर वापस आना एक बड़ा सबक है। गुलामी के काल में इन्हें भारत से छीना गया था।

जो लोग इसे लेकर गए थे उनके ये केवल एंटीक थे इसलिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने की भी कोशिश की। भारत ने तय किया कि हम इनकी नीलामी नहीं होने देंगे। हम गोदरेज समूह का आभार व्यक्त करते हैं उनके सहयोग से ये मुमकिन हो सका कि ये अवशेष बुद्ध की भूमि पर वापस आए।

दरअसल साल 1898 में उत्तर प्रदेश के पिपरहवा (कपिलवस्तु क्षेत्र) में खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध के अवशेष मिले थे। यह खुदाई ब्रिटिश काल में हुई थी। खुदाई कराने वाले व्यक्ति डब्ल्यू. सी. पेपे, उस समय ब्रिटिश शासन में एक इंजीनियर थे। उस वक्त इन अवशेषों को भारत से बाहर भेज दिया गया था। इन्हें अब वापस लाया गया है। अवशेषों को दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की एग्जीबिशन में रखा गया है। पीएम मोदी ने इस एग्जीबिशन का इनॉगरेशन किया।



## राजे बोलीं- फोन नहीं उठाने वाले अफसर परिणाम भुगतेंगे
### बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष हमारे एम्बेसडर, उनके साइन से जनता के काम हों

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी की संगठनात्मक कार्यशाला में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष हमारे एम्बेसडर हैं। उनके साइन से जनता के काम हों। अधिकारी एक घंटी में उनका फोन उठाएं और काम करें। वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

राजे ने कहा- भाजपा कार्यकर्ता के बिना प्राण विहीन है। जरूरी है कि हम कार्यकर्ता को मजबूत करें। वसुंधरा राजे ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता की आवाज पीएम-पीएम की आवाज है। कार्यकर्ता की आवाज बुलंद रहे। उसकी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं होगी। एक वक्त था, जब देश की दसों दिशाओं में कांग्रेस थी। आज जिस तरफ देखो उधर भाजपा है। ये कार्यकर्ता की तपस्या का फल है, जिसने भूख देखी न प्यास, बस लगा रहा कमल खिलाने में। पूर्व सीएम ने भारत को विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने पर पीएम नरेंद्र मोदी और दो साल पूरे होने पर सीएम भजन लाल शर्मा को बधाई दी।




#### विकास कार्यों को जनता को बताएं

कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित भाजपा प्रदेश संगठनात्मक कार्यशाला के उद्घाटन सत्र पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा- जनता के सामने छाती ठोककर कहें कि हमने विकास के काम किए हैं। किसी भी प्रकार का कोई गलत काम नहीं किया है। पिछली सरकार के पांच साल और हमारी सरकार के दो साल के कामकाज को अगर निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो अंतर साफ नजर आता है।

#### कार्यशाला में अलग-अलग सत्र आयोजित हुए

बीजेपी की संगठनात्मक कार्यशाला में उद्घाटन और समापन सत्र को मिलाकर कुल 5 सत्र आयोजित हुए। उद्घाटन सत्र को सीएम भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संबोधित किया। इसके बाद आयोजित हुए सत्र को राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने संबोधित किया। वहीं दो अन्य सत्रों को भी अलग-अलग एक्सपर्ट्स ने संबोधित किया। समापन सत्र को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की नसीहत दी।

## न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारतीय वनडे टीम का ऐलान
### गिल कप्तान, श्रेयस और सिराज की वापसी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को जारी टीम में कप्तान शुभमन गिल, उप कप्तान श्रेयस अय्यर और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है। अय्यर बीसीसीआई की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही खेल सकेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह बरकरार रखी है। जबकि ईशान किशन को मौका नहीं मिला है। पेसर जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है।

## जयपुर में सरस घी 20 रु. महंगा हुआ
### 15 किलोग्राम के टिन पैक पर बढ़ाई गई कीमतें

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने बीती रात एक आदेश जारी करके नए साल पर सरस घी (15 किलो का टिन) महंगा कर दिया। फेडरेशन ने प्रदेश में सरस घी के दामों में 20 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी। इस आदेश के बाद आज से प्रदेश में डेयरी या अन्य जगहों पर मिलने वाला सरस घी (15 किलोग्राम का टिन पैक) लोगों को महंगा मिलना शुरू हो गया। पिछले साल 22 सितंबर को केन्द्र सरकार ने आमजन को राहत देने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादों (घी, पनीर, अन्य) पर जीएसटी की दरों में कमी की थी। इसके तहत घी पर लगने वाली जीएसटी दरों को 12 से घटाकर 5 फीसदी किया था। इससे घी की कीमतों में करीब 37 रुपए प्रति लीटर तक की कटौती हुई थी। लेकिन 2 जनवरी को आरसीडीएफ ने आदेश जारी करके 20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद 15 किलोग्राम का टिन घी (सामान्य) पैक आज से बाजार 9045 रुपए की जगह 9345 रुपए में मिल रहा है। इसी तरह 15 किलोग्राम का टिन घी (गाय) पैक जो कल तक बाजार में 9330 रुपए में मिलता था, वह आज बाजार में 9630 रुपए में मिल रहा है।




#### 4 माह में बढ़ाए दाम

15 किलोग्राम टिन पैक पर पिछले साल अगस्त के महीने में बढ़ाए थे। इस बढ़ोतरी में 15 किलो के अलावा 1 लीटर और 5 लीटर के पैक में भी 20 रुपए प्रति लीटर की दर से बढ़ोतरी की गई थी।

#### एक लीटर पैक पर कोई असर नहीं

घी में 2 जनवरी 2026 को की गई बढ़ोतरी में एक लीटर पैक पर कोई असर नहीं होगा। वर्तमान में 1 लीटर घी (सामान्य) 551 रुपए में मिलेगा। जबकि एक लीटर गाय का घी 570 रुपए की दर से ही उपलब्ध होगा।

## डोटासरा बोले- बीजेपी बताए उनके प्रदेश प्रभारी क्यों नाराज है..?



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार और बीजेपी पर तंज कसते हुए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। डोटासरा ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार बेलगाम हो चुका है, भ्रष्टाचार का तांडव नृत्य हो रहा है। हर मंत्री बिना लिए-दिए कोई काम ही नहीं करता है। कोई भी अधिकारी किसी प्रोजेक्ट में राज्य के कल्याण की भावना से काम नहीं कर रहा, अफसर प्रोजेक्ट में पार्टनरशिप मांग रहे हैं।

जो सोलर बिजली पैदा होगी, वह बाहर जाएगी। जहां से लाइन ले जाई जाएगी, वहां किसानों के खेत बर्बाद हो जाएंगे। सरकारी जमीनों को कोड़ियों के भाव लुटाया जा रहा है। डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

डोटासरा ने कहा कि बीजेपी के प्रदेश प्रभारी क्यों नाराज हैं, वे क्यों नहीं आ रहे हैं, यह भी बताना चाहिए। इनके बीच भारी खींचतान है। बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री आए और उस बैठक में इनके प्रदेश प्रभारी क्यों नहीं आए, उनकी नाराजगी है, तभी तो वे नहीं आ रहे। इनकी सत्ता में दूरी है, संगठन के अंदर दूरियां हैं।

## राजस्थान के 2 जिलों का रातोंरात भूगोल बदला
### बाड़मेर और बालोतरा की सीमाओं में फेरबदल; भाजपा ने पटाखे फोड़े, कांग्रेस का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** राज्य सरकार ने पाकिस्तान से सटे दो जिलों बाड़मेर और बालोतरा का रातें-रात भूगोल बदल दिया है। 31 दिसंबर को राजस्व विभाग ने दोनों जिलों के इलाकों का पुनर्गठन करने की अधिसूचना जारी कर दी। दोनों जिलों में एक दूसरे के इलाके शामिल करके अदला-बदली की गई है। बायतू उपखंड को बालोतरा से निकालकर फिर से बाड़मेर में शामिल कर दिया है। बाड़मेर के गुढ़ामालानी, धोरीमन्ना को बालोतरा में शामिल किया है। इसे लेकर सियासी विरोध शुरू हो गया है। नए नोटिफिकेशन के



भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने इस फैसले पर विरोध जताया है। राज्य सरकार ने जिलों की सीमाओं में बदलाव 31 दिसंबर को किया, इसके पीछे भी रणनीति बताई जा रही है। दरअसल, 1 जनवरी से जनगणना के कारण प्रशासनिक सीमाएं डेढ़ साल के लिए मई 2027 तक के लिए फ्रीज हो गई हैं। अब जनगणना पूरी होने तक किसी भी प्रशासनिक यूनिट की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं हो सकता।

ऐसे में अब दोनों जिलों की सीमाओं में बदलाव करने के सरकार के आदेश को पलटा भी नहीं जा सकेगा, कोर्ट में भी जनगणना का आधार बनाकर बचाव हो जाएगा।

## छत्तीसगढ़ में 14 नक्सली ढेर, देवा का 20 नक्सलियों समेत सरेंडर
### सुकमा में 12, बीजापुर में 2 मारे गए, सभी के शव और हथियार बरामद

बढ़ता राजस्थान

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में शनिवार सुबह दो अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। सुकमा के किस्टाराम इलाके में 12 और बीजापुर में 2 नक्सली मारे गए हैं। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं।

मारे गए माओवादियों में कुख्यात माओवादी कोंटा एरिया कमेटी प्रभारी वेट्टी मंगडू उर्फ ??मुक्का और कोंटा एरिया कमेटी सचिव माड़वी हितेश उर्फ ??हुंगा शामिल हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। वहीं इन सबके बीच दैनिक भास्कर की खबर पर मुहर लगी है। भास्कर डिजिटल ने पहले ही बता दिया था कि छत्तीसगढ़ का मोस्ट वांटेड नक्सली स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर (स्र्ष्टरू) देवा बारसे सरेंडर करेगा। देवा ने हैदराबाद में अपने 20 साथियों के साथ हथियार डाल दिए हैं। हैदराबाद में पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है। देवा अपने साथियों के साथ तेलंगाना के मुलुगु पहुंचा था, जहां से पुलिस उसे हैदराबाद लेकर पहुंची थी। बड़ी संख्या में हथियार और कैश भी नक्सलियों ने सरेंडर किए हैं।



# सिरोही के लिए रेल दीजिए पर पिण्डवाड़ा से बागरा को जोड़िए

## - जन संघर्ष समिति ने सांसद के खिलाफ की जमकर नारेबाजी - प्रभाव और रसूख के दबाव में सर्वे लाइन बदलने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा जन संघर्ष समिति ने शनिवार को प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय को रेल से जोड़ने के लिए पिण्डवाड़ा होते हुए सर्वे करवाए जाने की मांग रखी है। समिति के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर वाहन रैली निकाली गई। साथ ही जिला प्रशासन को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कलक्ट्री में आयोजित जनसभा में वक्ताओं ने सांसद लुम्बाराम चौधरी को खरी-खरी सुनाई।

समिति का कहना रहा कि सांसद ने सरूपगंज होते हुए सिरोही को बागरा से जोड़ने का सर्वे करवाने का प्रस्ताव भेजा है, जबकि सिरोही को बागरा से जोड़ने के लिए पिण्डवाड़ा होते हुए पूर्ववत प्रस्तावित सर्वे ही रखे जाने की दरकार है। समिति ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर पिण्डवाड़ा को दरकिनार किया जा रहा है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आर्थिक रूप से या यात्री भार के लिहाज से पिण्डवाड़ा हर मामले में सरूपगंज से कई गुना आगे है। ऐसे में पिण्डवाड़ा-सिरोही-बागरा को निरस्त कर सरूपगंज-सिरोही-बागरा के लिए सर्वे करवाना पूरी तरह गलत है। जन संघर्ष समिति ने सिरोही मुख्यालय को जोड़ने के लिए पूर्ववत पिण्डवाड़ा होते हुए ही सर्वे कराए जाने की मांग रखी। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### सांसद किसी दबाव में काम कर रहे हैं

जन संघर्ष समिति की ओर से शहर में वाहन रैली निकालते हुए प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह केंद्र सरकार का मामला है और हमने सांसद को यहां से भेजा है तो हमारी पैरवी करनी चाहिए, लेकिन वे कुछ नहीं कर पा रहे हैं। आरोप लगाया कि प्रभाव या किसी अन्य दबाव में पिण्डवाड़ा से सिरोही की लाइन को बदलवा कर सरूपगंज से सिरोही करवाना चाह रहे है।

### अब जनता चुप बैठने वाली नहीं है

जन संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि हमारा हक छीनने का प्रयास किया तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। सांसद हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए जनभावनाओं के अनुरूप काम करते हुए उन्हें रेल मंत्रालय तक हमारी बात पहुंचानी चाहिए। वे किसी दबाव में काम करेंगे तो जनता भी चुप बैठने वाली नहीं है।



### जल-जगल व जमीन उजाड़ने की तैयारी

आरोप लगाया गया कि सरूपगंज क्षेत्र में कमलेश मेटाकास्ट नाम से प्रस्तावित खनन परियोजना को लेकर ही सरूपगंज में जंक्शन की तैयारी की जा रही है। यह परियोजना जल-जंगल व जमीन उजाड़ने का काम करेगी एवं इसका पहले से ही जनता विरोध कर रही है।

# वी के चैस अकैडमी रायसिंहनगर के खिलाड़ियों ने मारी अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में बाजी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** गत 24 दिसंबर से 29 दिसंबर को राजस्थान के भीलवाड़ा में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में वी के चैस अकैडमी रायसिंहनगर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करते हुए कस्बे व जिले का नाम देश भर में रोशन किया है। अकादमी के विद्यार्थी भव्यांश चौहान तथा हर्षवीर धायल ने अपने वर्ग में टॉप-10 में जगह बनाकर अपनी बुद्धिमत्ता का लोहा मनवाया तो वहीं रिद्धिमा बिश्नोई ने अंडर 11 फीमेल कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा अकादमी के चार युवा खिलाड़ियों भव्यांश चौहान (रेटिंग 1646), हर्षवीर धायल (रेटिंग 1590), हुनर गौड़ (रेटिंग 1488) तथा लक्ष्य कुमार (रेटिंग 1510) को प्रतियोगिता में उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी के दर्जे से नवाजा गया। साथ ही रिद्धिमा बिश्नोई के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा उनकी रेटिंग को भी 1467 से बढ़ाकर 1504 कर दिया गया। कोच वी के निखिल के अनुसार गत एक वर्ष में अकादमी के करीब आधा दर्जन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय रेटिंग से नवाजा जा चुका है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय शतरंज संघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों को इस दर्जे से सम्मानित किया जाता है।

# बिना कार्य परिषद की सहमति के बिना बदले चुनाव अधिकारी, अध्यक्ष प्रकाश कोठारी के मनमाने रवैये से समाज जनों में आक्रोश

### ओसवाल सभा चुनाव में मतदाता सूची का पुनरीक्षण और चुनाव सहकारिता विभाग से कराने की मांग, अध्यक्ष पद प्रत्याशी संजय भण्डारी जुटे प्रचार में



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ओसवाल सभा के आगामी 18 जनवरी को होने वाले ओसवाल सभा के चुनावों में अध्यक्ष प्रकाश कोठारी मनमानी पूर्वक कभी चुनाव संयोजक बदल रहे हैं तो कभी चुनाव अधिकारी। गत 1जनवरी को प्रात: कार्यकारिणी की सम्पन्न हुई बैठक में चुनाव हेतु आनंदी लाल बम्बोरिया के नेतृत्व में चुनाव संयोजक टीम का गठन किया गया।

जिसमें कुंदन भटेवरा,पी सी लसोड, मानक जारोली, सुरेन्द्र मेहता को सदस्य बनाया गया, लेकिन जब कुंदन भटेवरा ने मतदाता सूची को विधानसम्मत सुधारने के बाद विधिवत चुनाव की बात कहीं तो शाम को उन्हें चुनाव संयोजक समिति सदस्य से हटा दिया। इसी तरह चुनाव अधिकारी बी आर भाटी ने भी मतदाता सूची को सुधारने के बाद चुनाव की बात कहीं तो उन्हें भी हटा कर उनके स्थान पर नया चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया, जबकि कार्य परिषद से उसका कोई अनुमोदन नहीं कराया गया। प्रकाश कोठारी के इस मनमाने रवैय्ये से समाज में आक्रोश व्याप्त हैं। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय भण्डारी ने चुनाव संयोजक समिति के समक्ष ओसवाल सभा की मतदाता सूची का पुनरीक्षण और चुनाव सहकारिता विभाग के माध्यम से कराने की मांग रखी।

संजय भण्डारी, मनीष गलुण्डिया व सीए सुधीर मेहता ने निवर्तमान महामंत्री व चुनाव संयोजक आनन्दी लाल बम्बोरिया से मिलकर मतदाता सूची की एसआईआर कराकर निष्पक्ष चुनाव करानें की मांग रखी।

इसी बीच संजय भण्डारी ने अपना चुनाव प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया, जिसमें उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा हैं। आज प्रचार में अजय धींग, सुधीर मेहता, प्रशांत भण्डारी, अंकित मेहता, ललित भण्डारी, रमेश कोठारी, महेश बया, रमेश मारू, राजकुमारी गन्ना, भावना नागौरी,सोनू नागौरी, प्रवीण जारोली, नरेंद्र जारोली सहित बड़ी संख्या में समर्थक मॉजूद थे।

# 1 क्विंटल 20 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त

## कांकरोली सब्जी मंडी में थोक व्यापारियों पर नगर परिषद की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** स्वच्छ भारत मिशन के विशेष अभियान के तहत नगर परिषद टीम ने कांकरोली सब्जी मंडी में कार्रवाई करते हुए थोक व्यापारियों से 1 क्विंटल 20 किलोग्राम अवैध प्लास्टिक जब्त किया। आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि निर्देशानुसार शनिवार को खुली सब्जी मंडी में अभियान चलाया गया, जिसमें विशेष रूप से प्लास्टिक थैलियों के उपयोग पर सख्ती की गई। मौके पर अवैध प्लास्टिक जब्त कर संबंधित व्यापारियों के चालान बनाए गए। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक प्रथम दिनेश खोखर, स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय सुरेश कुमार अटवाल, कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक विनोद जावा सहित टीम के सदस्य जमादार गोपाल, पंकज, मितेश, अनिल, रितेश एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद ने व्यापारियों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करने की अपील की।

# जलापूर्ति व सीवरेज के फायदों पर जगाई जागरूकता

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की ओर से जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत शनिवार को महाकाली नगर में महिलाओं को जागरूक किया गया। सहायक सामाजिक विकासकर्ता विजया भारती सोनी ने परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। नई जलापूर्ति व सीवरेज के फायदे बताए। उन्होंने जल संरक्षण पर भी जोर दिया। कार्यक्रम अधीक्षण अभियंता मनीष अरोड़ा व अधिशाषी अभियंता विनोदकुमार सोलंकी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस दौरान सोशल आउटरीच टीम से हेमेंद्रसिंह डाबी ने शहर में चल रहे परियोजना कार्य के दौरान सहयोग का आग्रह किया।

# नारी शिक्षा से समाज का विकास संभव - विधायक उदयलाल डांगी

### 200 प्रतिभावान छात्राओं व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के सम्मान से चेहरे खिले

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट उदयपुर एवं ज्योतिबा फुले टीटी कॉलेज उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में दी फॉर्चून पार्क होटल का गार्डन, माली कॉलोनी में धूमधाम से मनाई।

प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया की कार्यक्रम में उदयपुर जिले के ओंगणा, झाड़ोल, सलूंबर सहित कई गांवों प्रतिभावान 200 छात्राओं एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अतिथियों ने उपरणा, प्रसंशा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश चैधरी ने की। मुख्य अतिथि वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी की एवं प्रतिभा गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी उदयपुर थी। विशिष्ट अतिथि शंकर लाल मालवीय सेवानिवृत्त एसडीएम , मोटिवेशनल स्पीकर नवनीत नागर निदेशक चिंतामणि कोचिंग इंस्टीट्यूट, दिनेश चैधरी थे।

मुख्य वक्ता भंवरलाल गुर्जर कुलाधिपति जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ थे। सभी अतिथियों का स्वागत पगड़ी, उपरणा व स्मृति चिन्ह भेंटकर शब्दों से स्वागत अध्यक्ष लोकेश चैधरी ने किया।

संस्थापक दिनेश माली अपने उद्बोधन में बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रेरणा से सावित्रीबाई फुले 17 साल की आयु में 1 जनवरी 1848 पुणे के भिड़े वाडा में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला, जिसमें मात्र 9 लड़कियां पढ़ने को तैयार हुई। 1851 में तीन और बालिका विद्यालय खोलें। ज्योतिमा फूले का मकसद महिलाओं के दशा सुधारना एवं समाज में उन्हें पहचान दिलाना था। विधायक उदय लाल डांगी ने कहा कि नारी शिक्षा से समाज का विकास संभव है।





मोटिवेशनल स्पीकर नवनीत नागर ने कहा कि स्कूल शिक्षा में अच्छे अंक से नौकरी में सफलता नहीं मिलती। प्रतियोगिता परीक्षा निरंतर और धैर्य के साथ तैयारी करने से सफलता मिलती हैं।

कार्यक्रम में संस्थापक दिनेश माली , प्रदेश महिला प्रदेश अध्यक्ष मणी बहन पटेल , कोषाध्यक्ष गंगा देवी माली ,अध्यक्ष लोकेश चैधरी, महामंत्री सूर्य प्रकाश सुहालका, प्रवक्ता नरेश पूर्बिया, संयोजक भेरुलाल कलाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर माली, महिला प्रदेश महामंत्री शर्मिला माली, पी एस पटेल,बाल कृष्ण सुहालका,डी पी लक्ष्कार, दिनेश कुमार माली,पुजा टेलर, , जयमाला टेलर , मंजू माली आई टी सेल,22 समाजों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, कलावती पूर्बिया, कोमल पूर्बिया, ललीता पूर्बिया सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# जिला कलक्टर ने किया कार्यों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही( नि.स. )।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने आबूरोड पंचायत समिति के आमथला, ओर, देलदर ग्राम पंचायतों में वीबी जीरामजी योजना के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने आमथला में श्मशान घाट एनिकट के पास पौधरोपण कार्य व अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। ओर व देलदर में भी पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया। देलदर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का भी जायजा लिया। विकास अधिकारी भंवरलाल लोहार, कनिष्ठ तकनीकी सहायक रमेश मीणा आदि उपस्थित थे।

# कुंभलगढ़ में होटल माफिया की दबंगई से आदिवासी परेशान, पुश्तैनी जमीन पर चला जेसीबी

### वरदड़ा गांव का मामला, सैकड़ों परिवारों के बेघर होने का खतरा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** कुंभलगढ़ उपखंड के वरदड़ा गांव में होटल माफियाओं की दबंगई से आदिवासी ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पहाड़ी क्षेत्र में वर्षों से निवास कर रहे आदिवासी परिवारों की पुश्तैनी जमीन पर होटल निर्माण के लिए जेसीबी चलाए जाने का आरोप लगाया गया है। इससे ग्रामीणों के आशियाने पर संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि वे 5 से 6 पीढ़ियों से इसी जमीन पर रह रहे हैं और जल, जंगल व जमीन के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन हाल ही में कुछ लोग होटल निर्माण के नाम पर मौके पर पहुंचे और मकानों के आसपास खुदाई शुरू कर दी। आरोप है कि होटल माफिया दावा कर रहे हैं कि उक्त जमीन उन्हें होटल के लिए अलॉट की गई है, जबकि वास्तविकता यह है कि वर्षों से यहां आदिवासी परिवार निवासरत हैं।आदिवासियों ने आशंका जताई है कि यदि होटल निर्माण कार्य जारी रहा तो सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे। इसके साथ ही क्षेत्र में मौजूद बड़े और पुराने पेड़ों की कटाई भी की जा रही है, जिससे पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। परेशान आदिवासी परिवार अपनी महिलाओं और बच्चों के साथ जिला कलेक्टर के पास पहुंचे और प्रशासन से अपनी पुश्तैनी जमीन व घरों की सुरक्षा की मांग की। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# नाथद्वारा: लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने किए श्रीनाथजी के दर्शन, विशाल बावा से लिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा की दिग्गज नेता स्व. सुषमा स्वराज की पुत्री एवं नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज शनिवार को नाथद्वारा पहुंचीं। यहां उन्होंने विश्वविख्यात प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सांसद बांसुरी स्वराज ने श्रीनाथजी के छप्पनभोग मनोरथ के दिव्य दर्शन किए। दर्शन के पश्चात वे मोती महल पहुंचीं, जहां तिलकायत पुत्र चिरंजीव विशाल बावा साहब से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशाल बावा साहब ने मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर उनका समाधान किया।



इस दौरान मंदिर प्रशासन से जुड़े कई अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारी सुधाकर उपाध्याय, मंदिर मंडल बोर्ड सदस्य सुरेश भाई सांघवी, समीर चौधरी, तिलकायत सलाहकार अंजन शाह, तिलकायत सचिव लीलाधर पुरोहित, सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, कैलाश पालीवाल सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

# रामझरोखा मंदिर की भूमि पर बने आठ पट्टे निरस्ती के आदेश

### - नगर परिषद ने नियम ताक पर रखते हुए जारी किए आठ पट्टे

### - जांच रिपोर्ट आने के बाद जिला कलक्टर ने जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** शहर के बहुचर्चित रामझरोखा मंदिर की भूमि पर बने पट्टों के मामले में प्रशासनिक स्तर पर बड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। जिला कलक्टर ने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इन पट्टों को निरस्त किए जाने के आयुक्त को आदेश दिए हैं। जिला कलक्टर ने आदेश में बताया कि जांच रिपोर्ट का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर यह स्थिति स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है कि यह भूमि राजस्व रेकर्ड में वर्तमान जमाबंदी अनुसार राज्य सरकार के नाम खाता संख्या दर्ज है ना कि नगर परिषद, सिरोही के नाम दर्ज है। साथ ही प्रश्नगत जारी 69 ए के आठ पट्टे अपंजीकृत इकरारनामा के आधार पर जारी किए गए हैं, जो नियम विरुद्ध है। पट्टे जारी करने में प्रक्रियात्मक अनियमितता भी पाई गई हैं। जारी किए गए आठ पट्टे सही प्रक्रिया का पालन किए बिना और 69 ए के विधिक प्रावधानों के खिलाफ जारी किए गए हैं। विधि विरुद्ध होने से जारी किए ये आठ पट्टों में नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

**राज्यमंत्री व प्रशासन पर लगाए थे आरोप**-उल्लेखनीय है कि रामझरोखा मंदिर की भूमि पर जारी हुए इन पट्टों को लेकर शहर का माहौल गर्माया रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गत दिसम्बर माह में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा के नेतृत्व में इस मुद्दे पर प्रदर्शन भी किया था। इस दौरान प्रशासन व राज्यमंत्री पर आरोप लगाए गए। वहीं, जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर इन पट्टों को निरस्त करने एवं भूमि पर रिसीवर नियुक्त करने की मांग रखी थी।

**इन आवेदकों को जारी किए थे पट्टे**-भूखण्ड संख्या 01, 02 व 3 पर विनोद मालवीय पुत्र मदनलाल मालवीय, भूखंड संख्या 4 पर खुशवंत माली पुत्र कैलाशकुमार, भूखंड संख्या 5 पर कुलदीपसिंह पुत्र हरिसिंह देवड़ा, भूखंड संख्या 6 पर विनोदकुमार पुत्र कमलकांत देवड़ा, भूखंड संख्या 7 पर राकेशकुमार पुत्र वागाराम सरगरा व भूखंड संख्या 8 पर तारा कंसारा पत्नी धर्मेश कंसारा को पट्टे जारी किए गए थे।

# पीड़ित और जरूरतमंद को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए हों प्रयास'देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अधिवक्ता समाज की महत्वपूर्ण धूरी है। न्याय के प्रति विश्वास को कायम रखने में उनकी विशेष भूमिका है। अधिवक्ता अपने कार्य में शुचिता, सौहार्द और संवेदनशीलता का सम्मिश्रण करते हुए पीड़ित और जरूरतमंद को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें।

देवनानी शनिवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज के न्यू ऑडिटोरियम में उदयपुर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचंद्रसिंह झाला तथा अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ प्रवीण खण्डेलवाल रहे। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रभानसिंह शक्तावत, महासचिव महावीरप्रसाद शर्मा, नव निर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र जैन, महासचिव लोकेश गुर्जर सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। बार एसोसिएशन उदयपुर की परंपरा के अनुसार निवर्तमान अध्यक्ष श्री शक्तावत ने नवीन अध्यक्ष जैन को शपथ दिलाई। वहीं अध्यक्ष श्री जैन ने महासचिव सहित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था का इतिहास काफी प्राचीन है। मनुस्मृति और कौटिल्य अर्थशास्त्र में भी इसका उल्लेख है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अधिवक्ताओं का बड़ा योगदान रहा है। महात्मा गांधी, सरकार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय, चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य, चितरंजन दास जैसे अनेकों अनेक स्वतंत्रता सैनानी पेशे से वकील रहे हैं। देवनानी ने कहा कि अधिवक्ता का कार्य सिर्फ अपने मुवक्किल के पक्ष में मुकदमा जीतना नहीं होना चाहिए, अपितु न्याय की सुनिश्चितता का ध्येय सर्वार्परि होना चाहिए। कानून पर समाज का भरोसा कायम रखने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और बैंच-बार की समान रूप से है। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से उदयपुर में हाईकोर्ट बैंच की लंबित मांग को पूर्ण कराने में सहयोग की अपील की। इस पर श्री देवनानी ने आश्वस्त किया कि बार प्रतिनिधिमंडल के जयपुर आगमन पर मुख्यमंत्री, कानून मंत्री आदि से मुलाकात में वे सेतु की भूमिका निभाएंगे। साथ ही अपनी ओर से भी इसके लिए वकालत करेंगे।



## श्री श्याम सलोना सेवा समिति ने अतिराम बाबा गौशाला, कालाडेरा को भेंट की 19वीं चारे की गाड़ी



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** सेवा, समर्पण और गौसंरक्षण की भावना को साकार करते हुए श्री श्याम सलोना सेवा समिति, चौमू द्वारा निरंतर चलाए जा रहे चारा संग्रह अभियान के अंतर्गत आज 19वीं चारे की गाड़ी अतिराम बाबा गौशाला, कालाडेरा को भेंट की गई। समिति का यह प्रयास न केवल गौसेवा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सहभागिता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, समाजसेवी कैलाश चंद्र अग्रवाल (कालाडेरा), पूर्व सरपंच विष्णु नागर, समाजसेवी बन्ना लाल यादव, कैलाश तिवारी, मिंटू साखुनिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के व्यवस्था प्रभारी कमल अग्रवाल एवं नरेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा संचालित यह चारा संग्रह अभियान का 19वां चरण है और आगे भी गौसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर एमवीएस फाउंडेशन के अध्यक्ष कन्यालाल सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति की ओर से उन्हें दवाइयों के तीन कार्टून भेंट कर सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान किया गया।

## 551 महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शनि पुर्णिमा पर महाराज गजानंद देवी उपासक के सानिध्य में सन्तोषी माता मंदिर, रेल्वे स्टेशन से आसीवालों की ढाणी, शिव मंदिर तक पांच सौ इक्यावन महिलाओं ने गाजे बाजे से कलश यात्रा निकाली। इसके बाद शिव अभिषेक व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सांवरमल तिवारी, मुकेश कुमार दीक्षित, सांवर कुमावत, श्याम लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मुआवजा पास कराने के बदले 30,000 रिश्वत लेते ग्राम सेवा सहकारी समिति का सहायक व्यवस्थापक एसीबी के ट्रैप में गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एसीबी, मुख्यालय के निर्देश पर ए0सी0बी0 (एस0यू0) अजमेर इकाई द्वारा शनिवार को कार्यवाही करते हुये आरोपी श्री परमेश्वर कुमार प्रजापत सहायक व्यवस्थापक ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड धातोल, पंचायत समिति भिनाय, जिला अजमेर को परिवादी से रिश्वत राशि 30,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए0सी0बी0 (एस0यू0) अजमेर को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुयी कि परिवादी से उसकी पत्नि एवं स्वयं की पुश्तैनी कृषि भूमि की रबी की फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2024-25 की राशि का मुआवजा पास करने की एवज मे दिनांक 23.12.25 को 30,000 रूपये की रिश्वत राशि लेना तय कर आज दिनांक 03.01.26 को 30,000 रुपये रिश्वत प्राप्त की। जिस पर एसीबी, अजमेर रेंज, अजमेर के पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत के सुपरवीजन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वन्दना भाटी, भ्र0नि0ब्यूरो, एस0यू0-अजमेर के निर्देशन में श्री नरेन्द्र सिंह, निरीक्षक पुलिस, ए0सी0बी0 (एस0यू0) अजमेर द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए श्री परमेश्वर कुमार प्रजापत सहायक व्यवस्थापक ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड धातोल पंचायत समिति भिनाय, जिला अजमेर को 30,000 रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

पीएम-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की प्रगति की समीक्षा

## राजस्थान ने किया 79 प्रतिशत बजट व्यय -डॉ. किरोड़ी लाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को वीसी के माध्यम से राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, सिक्किम, मिजोरम एवं तेलंगाना राज्यों के कृषि मंत्रियों, विभागीय सचिवों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त 425 करोड़ रुपये के बजट के विरुद्ध अब तक 333 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जो कि कुल आवंटन का लगभग 79 प्रतिशत है। इस राशि से प्रदेश के किसानों को योजना के तहत व्यापक लाभ प्रदान किया गया है। शेष बजट राशि को भी शीघ्र ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से व्यय कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ कृषक हित में कार्य कर रही है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री को 18-19 जनवरी को सवाई माधोपुर में आयोजित होने वाले अमरूद महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। कृषि मंत्री ने बैठक में यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2017 के बाद बाजार में सिंचाई संयंत्रों की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने केंद्र सरकार से प्रचलित इकाई लागत में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि करने तथा फार्म पॉन्ड (खेत तलाई) के लिए दिए जाने वाले अनुदानों में भी बढ़ोतरी करने का अनुरोध किया।

ग्लोबल वीपीएल-9 करोल क्रिकेट ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबलों से सजा लीग का दिन

# ऑल इंडिया ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग में रोमांचक मुकाबले, राइजिंग स्टार्स, वीटीसी रॉयल और रेलमगरा रॉयल्स विजयी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ऑल इंडिया ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग के अंतर्गत शनिवार को खेले गए लीग मुकाबलों में दर्शकों को रोमांच, संघर्ष और शानदार क्रिकेट देखने को मिला। दिन भर खेले गए तीन मुकाबलों में राइजिंग स्टार्स, वीटीसी रॉयल और रेलमगरा रॉयल्स ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। दिन के पहले लीग मुकाबले में 'राइजिंग स्टार्स' ने बेहद रोमांचक मुकाबले में 'रेलमगरा रॉयल्स' को 3 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए राइजिंग स्टार्स ने रेलमगरा रॉयल्स को 14.4 ओवर में 69 रन पर समेट दिया। रेलमगरा रॉयल्स की ओर से 'गौरव विजय (17 रन)' और 'सुमीत विजय (11 रन)' ने संघर्ष किया। गेंदबाजी में 'परांशु विजय' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 6 रन





देकर 4 विकेट झटके।

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए राइजिंग स्टार्स की शुरुआत लडखड़ाई, लेकिन 'अंकित विजय (20 रन)' और 'महेश विजय (नाबाद 14 रन)' की सूझबूझ भरी पारियों की बदौलत टीम ने 12.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए परांशु विजय को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दिन के दूसरे लीग मुकाबले में 'वीटीसी रॉयल' ने 'पिंकसिटी इलेवन' को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए वीटीसी रॉयल ने पिंकसिटी ग्प् को 14.5 ओवर में 73 रन पर ऑलआउट कर दिया। पिंकसिटी इलेवन की ओर से 'विपुल विजय (12 रन), ''आशीष (11 रन)' और 'शेखर विजय (11 रन)' ने प्रयास किया। गेंदबाजी में 'भानु विजय (3ध्14)' और 'विनीत



विजय (2/7)' ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वीटीसी रॉयल ने मात्र 9.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 74 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। 'शुभम विजय' ने नाबाद 34 रन की शानदार पारी खेली, जबकि 'आयुष विजय' ने नाबाद 20 रन बनाकर उनका भरपूर साथ दिया। दिन के अंतिम लीग मुकाबले में 'रेलमगरा रॉयल्स' ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 'टोंक ब्लास्टर्स' को 72 रनों से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलमगरा रॉयल्स ने 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। टीम की ओर से 'कमलेश विजयवर्गीय' ने 21 गेंदों में 35 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि 'सुमीत विजय (20 रन)' और 'परेश विजयवर्गीय (नाबाद 20 रन)' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टोंक ब्लास्टर्स की टीम 12.5 ओवर में मात्र 51 रन पर सिमट गई। 'आयुष विजय' ने 3 ओवर में 6 रन देकर 5 विकेट लेकर मैच को एकतरफा बना दिया। वहीं 'जूनियर पियूष विजय' ने 4 विकेट और 'मनोज' ने 2 विकेट हासिल किए।

मैचों के दौरान आयोजन समिति के 'दिनेश दुब्बी, गिरधर कलमंडा, बनवारी (बांदीकुई), मनोज (तालचिड़ी), संदीप दुब्बी, राकेश तलाव, कृष्ण गोपाल 'बंटी'' सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उपस्थित रहकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। ग्लोबल वीपीएल-9 में लगातार मिल रहे रोमांचक मुकाबलों से दर्शकों का उत्साह चरम पर है और आने वाले मैचों को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में मुख्य सचिव का दौरा

# ओपीडी, आईपीडी व पंचकर्म सहित अन्य विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर में शनिवार को राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने एकदिवसीय दौरा किया। इस दौरान संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने संस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, नवाचारों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य सचिव को संस्थान की ओपीडी, आईपीडी, पंचकर्म एवं अन्य चिकित्सकीय विभागों की कार्यप्रणाली से0 अवगत कराया तथा रोगियों को प्रदान की जा रही आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के साथ संस्थान द्वारा प्रकाशित जनरल ऑफ आयुर्वेद की विस्तृत



जानकारी दी।

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर वर्षों से स्थापित है और जयपुर की आयुर्वेदिक परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैद्यों की परंपरा ने आयुर्वेद को एक मजबूत पहचान दी है। उन्होंने कहा कि उनकी मंशा है कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अपनाई जा रही श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) को राज्य के आयुर्वेद शिक्षा संस्थानों में भी लागू किया जाए, इस विषय में भारत सरकार में आयुष सचिव श्री राजेश कोटेचा से बात की जायेगी।

दौरे के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी और पंचकर्म विभागों का निरीक्षण किया एवं रोगियों से संवाद भी किया। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अपनाई गई आयुर्वेद की श्रेष्ठ चिकित्सा पद्धतियों को राजस्थान सरकार में लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

एकदिवसीय दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने संस्थान में कार्यरत सभी विभागों के विभागाध्यक्षो के साथ चर्चा की ओर आमजन के हित मे आयुर्वेद के माध्यम से किये जा रहे रिसर्च प्रोजेक्टस की जानकारी ली।इस दौरे के दौरान राजस्थान आयुर्वेद विभाग के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार भी मुख्य सचिव के साथ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने अधिक से अधिक आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संस्थान के विस्तार हेतु जयपुर में भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध मुख्य सचिव से किया।

## उत्कृष्ट सेवा हेतु स्काउट-गाइडों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में रावला चौक स्थित राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड स्थानीय संघ कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट-गाइडों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ. अजीत सिंह शेखावत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजेंद्र कुमावत एवं पेंशन मंच अध्यक्ष राधेश्याम यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रताप सोनी, सचिव स्थानीय संघ चौमू सहित स्काउट-गाइडों को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25 दिसंबर को चौमू में विराज फाउंडेशन द्वारा आयोजित द्वितीय तुलसी नगर भ्रमण कार्यक्रम में लगभग 1500 महिलाओं की सहभागिता रही, जिसमें स्काउट-गाइडों ने स्वयंसेवक के रूप में अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुमावत, प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश रीडर, चौमू विधानसभा अध्यक्ष राधेश्याम जोशी, जिलाध्यक्ष नारायण लाल शर्मा, चौमू नगर अध्यक्ष डॉ. सीताराम कुमावत, जिलाध्यक्ष एडवोकेट हेमराज यादव, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्री बद्रीनारायण भैरव दत्त खेतान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, दांता में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**दांतारामगढ़ (नि.स.)** । श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, दांता में सप्तशक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सप्तशक्ति संगम 2026 कार्यक्रम का आयोजन अतिथियों तथा विद्यालय परिवार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया । कार्यक्रम में योगिता ने मंचस्थ नारी शक्तियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की भूमिका रखी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. दीपिका शर्मा सीकर जिला संयोजक सप्तशक्ति संगम,विभाग बौद्धिक कार्य प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति सीकर ने परिवार की भूमिका और समाज में नारी शक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सशक्त परिवार से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है, तथा प्रकृति संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। लेखिका एवं समाज सेविका अंजु अग्रवाल ने नारी के सात गुण — यश, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, दृष्टि एवं क्षमा — के अर्थ और उनके सामाजिक व पारिवारिक महत्व को सरल शब्दों में समझाया।

# जन भागीदारी के साथ होगा सेना दिवस परेड का दिव्य एवं भव्य आयोजन

सेना दिवस परेड को लेकर सचिवालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य, भव्य एवं सफल आयोजन के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित होगी। शनिवार को सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सेना दिवस परेड के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर ए. सावंत की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर आत्माराम सावंत ने कहा कि यह आयोजन न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा भारतीय सेना के शौर्य एवं गौरव को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ व्यापक संवाद किया गया है। बैठक के प्रारंभ में नवीन जैन, प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सेना दिवस परेड के आयोजन को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब सेना दिवस परेड आमजन के बीच आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा इस आयोजन को जन-जन तक पहुँचाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन एवं गौरव को निकट से अनुभव कर सकें। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर द्वारा दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों एवं संगठनों से आग्रह किया कि वे सोमवार तक परेड देखने हेतु आने वाले प्रतिभागियों की संख्या एवं विवरण उपलब्ध कराएं, जिससे व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा सकें। परेड के दौरान आमजन एवं आमंत्रित दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस सेवा, पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स, पेयजल एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं।

अभ्युदय 2026 कार्यक्रम

# "नर्सिंग के भविष्य को सजाने का महोत्सव: अभ्युदय 2026"

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** श्री राधा रमन नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को अभ्युदय 2026 कार्यक्रम में फ्रेशर्स वेलकम एंड ओथ टेकिंग सेरिमनी व खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम का आयोजन होटल ग्रैंड मैपले, सीतापुरा में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश कलाल (RAS), उपसचिव राज्यपाल ओर रजिस्ट्रार राजस्थान नर्सिंग काउंसलिंग jo-ics kurian उपस्थित रही इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन



आईएएस ओपी सैनी व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. चेतन सैनी ने विद्यार्थियों को जीवन में योग व ध्यान के महत्व को बताते हुए जीवन को संतुलित बनाए रखने के लिए बताया व विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उज्जवल कामना की। इस अवसर पर नर्सिंग में प्रवेशित नये विद्यार्थियों को हिंदी



भाषा में शपथ दिलाई। संस्था के प्रधानाचार्य महेंद्र दादरवाल ने बताया कि एक सप्ताह से चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरुस्कार प्रदान किए गए।

## सम्पादकीय

# दूषित पानी का हत्याकांड

कितना अभिशप्त और कलंकित शहर है इंदौर! जिस शहर को स्वच्छता के लिए लगातार राष्ट्रीय सम्मान मिल रहा है, उसी शहर में लोग दूषित पानी पीने से मर रहे हैं। यह इंदौर का काला सच है! इससे विरोधाभासी त्रासदी और क्या होगी? हमें नए साल की शुरुआत में ही ऐसा शोकाकुल, संतप्त, अफसोसनाक, व्यवस्था के 'फालतूपन', संवेदनहीनता और मंत्री जी के 'घंटे' पर विश्लेषण करना पड़ रहा है, लिहाजा हमारी विवशता समझिए। यह त्रासद घटना मप्र के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के चुनाव-क्षेत्र के भागीरथपुरा की है। क्या विडंबना और अंधेरगर्दी है कि नर्मदा के पानी की लाइन में मल की पाइपलाइन जुड़ गई और लोग वही विषाक्त पानी पीते रहे! आखिर यह नालायकी कैसे संभव है? यदि यह हत्याकांड (हम इसे हत्याकांड ही मानेंगे) सामने न आता, तो न जाने कितनी और अर्थियां उठानी पड़तीं? विषाक्त पानी पीने से अभी तक 14 मौतें हो चुकी हैं और 32 मरीजों की स्थिति गंभीर बताई गई है। उनमें से अधिकतर अस्पतालों के आईसीयू में उपचाराधीन हैं। ईश्वर उन्हें नई जिंदगी दें। अस्पतालों में 201 मरीज भर्ती हैं। कुल 8571 प्रभावित लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 338 संक्रमित पाए गए हैं। अब हैजा फैलाने वाले घातक विषाणु भी मिले हैं। मप्र सरकार बेशक अफसरों को निलंबित करे या बर्खास्त कर दे अथवा सूली पर चढ़ा दे, लेकिन जिन परिवारों के चिराग बुझे हैं, कमाऊ पूत भरी जवानी में चले गए हैं, बड़ों के साये भी छिन गए हैं, क्या उनकी क्षतिपूर्ति संभव है? ऐसी किसी भी त्रासद घटना की क्षतिपूर्ति की ही नहीं जा सकती। जिन लोगों ने गुस्से या आक्रोश में सरकारी चेक कबूल करने से इंकार कर दिया है, हम उनकी हिम्मत की दाद देते हैं। सरकार या राजनीतिक नेतृत्व को कभी-कभार 'लाल आंखें' दिखाना सही होता है। कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में हैं और मालवा के सबसे ताकतवर नेता के तौर पर गिने जाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से भिड़ते हुए कहा-फोकट के सवाल मत पूछें।'' इससे उनकी मानसिकता स्पष्ट हुई है। वह मौत के आंकड़ों को 'घंटा' करार दे रहे हैं। क्या ऐसे नेता को जनता को खारिज नहीं कर देना चाहिए? दरअसल सवाल खोखले नारों, दावों और सतही शृंगार का है।

इंदौर पर ग्लैमर और आकर्षण थोपा जा रहा है। वह स्वच्छता का शहर भी नहीं है। यह हमारा दावा है, क्योंकि हमने इंदौर को नंगी आंखों से देखा है। वहां अराजकता और अतिक्रमण चारों ओर देखा जा सकता है। इंदौरवाले अव्वल दर्जे के 'खाऊ' हैं, लेकिन नर्मदा नदी के तट पर बसे शहर में चेतावनीपूर्ण जल-संकट की स्थितियां हैं। गर्मियों में लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। किसी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री या खुद जनता ने पानी के संकट की कभी भी चिंता नहीं की। अब इंदौर को इतना विकसित बनाने की योजनाओं पर काम चल रहा है कि प्रधानमंत्री का दूसरा आवास वहीं बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री इंदौर में बस कर क्या करेंगे? इंदौर को सिर्फ ऊपर से सजाने-संवारने की कोशिशें की जाती रही हैं। यह कैसा शहर है, जहां 95 फीसदी से अधिक दोपहिया चालक हैलमेट ही नहीं पहनते, लाल बत्ती की गंभीरता से नहीं मानते और वाहन आपस में लगभग काटते, टकराते चलते रहते हैं। ऐसे शहर को बेनकाब करना जरूरी है। हत्याकांड के बाद जिन सैंपलों की रपटें सार्वजनिक हो चुकी हैं, उनमें फीकल कॉलिफार्म, ई-कोलाई, विब्रियो, क्लेबसेला और प्रोटोजोआ सरीखे खतरनाक और जानलेवा बैक्टीरिया पाए गए हैं। फिर लोग कैसे बचेंगे? अब पानी की आपूर्ति की लाइनों को साफ किया जा रहा है। मप्र उच्च न्यायालय ने सख्ती बरतते हुए सरकार से दो दिन में ही स्टेटस रपट मांगी है और बीमार लोगों का मुफ्त इलाज करने के निर्देश दिए हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 4 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2020 - केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। यह नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला का 28वां संस्करण है, इसकी थीम गांधी: लेखकों के लेखक रखी गयी।
- भारतीय ऑल-राउंडर इरफ़ान पठान ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- 2010- भारत में स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के आदेश पर शेयर बाज़ारों के खुलने का समय एक घंटा पहले सुबह 9 बजे कर दिया गया।
- 2009- पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा।
- 2008 - गुजरात में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी मंत्रीमण्डल में 18 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।
- अमेरिका ने श्रीलंका को सैन्य उपकरणों और सेवाओं की आपूर्ति पर रोक लगायी।
- 2006 - दुबई के शासक शेख़मकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन।
- 2004 - भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाक प्रधानमंत्री जमाली के बीच इस्लामाबाद में वार्ता आयोजित।
- 2002 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भारत पहुँचे।
- 1999 - मंगल ग्रह पर भाप का विश्लेषण करने हेतु अमेरिकी यान 'मार्स पौसर लैंडर प्रोब' का प्रस्थान।
- 1998 - बांग्लादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया।
- 1990 - पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर में करीब 307 लोग मारे गए और उससे दोगुने घायल हुए।
- 1972 - नई दिल्ली में 'इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनालॉजी एंड फारेंसिक साइंस' का उद्घाटन।
- 1966 - भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान के बीच भारत-पाकिस्तान सम्मलेन की शुरूआत।
- 4 जनवरी को जन्मे व्यक्ति
- 1993 - अपूर्वी चंदेला - भारतीय महिला निशानेबाज़ हैं।
- 1988 - नाबिला जमशेद - भारतीय लेखक थे।
- 1965 - आदित्य पंचोली - हिन्दी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता हैं।
- 1955 - प्रताप चन्द्र सारंगी - भारत के सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता हैं।

## विशेष आलेख

# स्वच्छता के 'सिरमौर' के सामने शुद्ध जल की एक चुनौती...



विवेक वैष्णव

इंदौर ने बीते वर्षों में स्वच्छता के मानकों को जिस तरह बदला है वह पूरे देश के लिए एक नजीर है। कचरा प्रबंधन और जन-भागीदारी में नंबर वन रहने वाले इस महानगर के लिए हालिया 'प्रदूषित जल' का प्रकरण न केवल चिंताजनक है बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि धरातल पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। स्वच्छता में सात बार देश में इंदौर ने प्रथम आकर जो कीर्तिमान स्थापित किया है, 'प्रदूषित पानी' की खबरें उस छवि पर एक प्रश्नचिह्न लगाती हैं। इंदौर के प्रदूषित पानी के प्रकरण को यदि और अधिक गहराई से देखा जाए तो यह केवल पाइप लाइन के लीकेज का मामला नहीं है बल्कि यह नगरीय नियोजन और पर्यावरणीय संकट का एक जटिल मिश्रण है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष पर रहने का अर्थ केवल सडक़ों का साफ होना या कचरा उठना नहीं है। एक 'स्मार्ट सिटी' और 'स्वच्छ शहर' की सार्थकता तभी है जब उसके नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं, विशेषकर शुद्ध पेयजल, बिना किसी संशय के प्राप्त हो। इंदौर शहर के कुछ हिस्सों से दूषित पानी की आपूर्ति और उससे फैलने वाली बीमारियों की खबरें यह दर्शाती हैं कि नगर निगम का 'ड्रेनेज सिस्टम' और 'वॉटर सप्लाई लाइन' कई जगह जर्जर हो चुकी हैं। इंदौर को 'वॉटर प्लस' का प्रमाणन मिला है, जिसका अर्थ है कि शहर का सीवरेज प्रबंधन उत्कृष्ट है और कोई भी गंदा पानी नदियों में नहीं मिल रहा। लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत दिखती है। शहर में बने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स अपनी पूरी क्षमता या दक्षता से काम नहीं कर पा रहे हैं। नगर निगम की जल कार्यसमिति और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय की कमी है। पानी के नमूनों की नियमित जांच केवल कागजों तक सीमित रह जाती है।

शहर का विस्तार जिस तेजी से हुआ है उसके अनुपात में बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। इंदौर के मध्य और पुराने क्षेत्रों में जल वितरण प्रणाली दशकों पुरानी है। कई स्थानों पर पानी की पाइप लाइन नालियों के भीतर से गुजर रही हैं। कई पुराने क्षेत्रों में पेयजल की पाइप लाइन और सीवरेज की लाइन समानांतर या बहुत करीब हैं। लीकेज की स्थिति में गंदा पानी पीने के पानी में मिल जाता है। जब पाइप लाइन में प्रेशर कम होता है तो 'सेक्शन' के कारण नालियों का गंदा पानी लीकेज के जरिए पीने के पानी में मिल जाता है। शहर में बड़ी संख्या में अवैध जल कनेक्शन भी हैं जिन्हें लेने के लिए पाइप लाइन में जो छेद किए जाते हैं वे भी भविष्य में प्रदूषण का मुख्य स्रोत बनते हैं।

आधुनिकीकरण के चक्कर में इंदौर की जीवन रेखा मानी जाने वाली नदियों का स्वरूप बदल चुका है। औद्योगिक क्षेत्रों का अनुपचारित केमिकल युक्त पानी भी नदियों में गिरता रहता है। नदियों के अत्यधिक प्रदूषित होने के कारण आसपास के क्षेत्रों का भूजल भी जहरीला हो चुका है। जिन बस्तियों में लोग बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं वहां चर्म रोग और पेट की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। प्रदूषित पानी का सबसे सीधा प्रहार गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। दूषित पानी के कारण होने वाली बीमारियाँ न केवल शारीरिक कष्ट देती हैं बल्कि निम्न आय वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ भी डालती हैं।

प्रशासन अक्सर तात्कालिक सुधार (पैचवर्क) कर जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेता है लेकिन जरूरत दीर्घकालिक समाधान की है। अमृत योजना और अन्य जल परियोजनाओं के बावजूद अगर नागरिक गंदा पानी पीने को मजबूर हैं तो व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठना लाजमी है। इंदौर के प्रदूषित पानी की समस्या का स्थायी समाधान केवल मरम्मत से संभव नहीं है। इसके लिए एक 'बहु-आयामी दृष्टिकोण'की आवश्यकता है। पुराने शहर में जहाँ दोनों लाइनें एक-दूसरे के करीब हैं, उन्हें कम से कम 3 से 5 फीट की दूरी पर पुनः स्थापित किया जाना चाहिए। नई लाइनों के लिए 'डक्ट सिस्टम' का उपयोग किया जाए ताकि भविष्य में लीकेज होने पर बिना सडक़ खोदे उसे ठीक किया जा सके। अवैध तरीके से पाइप लाइन में छेद करने वालों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यही छेद संक्रमण का मुख्य द्वार बनते हैं। दूषित जलापूर्ति होने पर संबंधित क्षेत्र के इंजीनियर और स्वास्थ्य अधिकारी की जवाबदेही तय होनी चाहिए ताकि काम में लापरवाही न बरती जाए। उद्योगों को यह अनिवार्य करना होगा कि वे अपना एक बूंद भी अनुपचारित पानी नदियों में न बहाएं। इसके लिए औद्योगिक क्षेत्रों में साझा उपचार संयंत्र की क्षमता बढ़ानी होगी। नदियों के किनारों पर 'इंटर सेप्टर पाइप लाइन' का काम जल्द पूरा किया जाए ताकि नालों का गंदा पानी नदी में जाने के बजाय सीधे ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुँचे। जल वितरण नेटवर्क में सेंसर्स लगाए जाने चाहिए जो पानी के दबाव और गुणवत्ता में किसी भी गिरावट की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दें। हर वार्ड का नियमित अंतराल पर 'वॉटर ऑडिट' होना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि किस क्षेत्र में पानी की बर्बादी हो रही है या कहाँ प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। केवल मुख्य जल संयंत्रों पर ही नहीं बल्कि हर वार्ड स्तर पर 'मिनी लैब' होनी चाहिए। नागरिकों के लिए भी 'ऑन-डिमांड' पानी परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

इंदौर के '311 ऐप' की तरह एक समर्पित 'जल सुरक्षा पोर्टल' होना चाहिए जहां नागरिक पानी के रंग, गंध या लीकेज की फोटो अपलोड कर सकें और जिस पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो। मोहल्ला स्तर पर नागरिकों की समितियां बनाई जाए जो जल वितरण के समय और गुणवत्ता की निगरानी करें।

शुद्ध पानी किसी भी नागरिक का बुनियादी अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इंदौर के जागरूक नागरिकों ने शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाया है। अब समय है कि प्रशासन भी उसी स्तर की तत्परता जल प्रबंधन में दिखाए। दूषित जल केवल एक नगर निगम की विफलता नहीं है बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ एक बड़ा खिलवाड़ है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन में जो इच्छा शक्ति दिखाई है वही अब 'जल शुद्धि' में दिखानी होगी। इंदौर को अपनी साख बचाने के लिए 'वॉटर प्लस' शहर के खिताब को कागजों से निकालकर हर घर के नल तक पहुँचाना होगा। यदि समय रहते पुराने बुनियादी ढांचे को नहीं बदला गया तो स्वच्छता की यह चमक फीकी पड़ सकती है।

# हिन्दुओं की मौत पर मौन क्यों संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवतावादी संगठन ?



अरविंद रावल

*पाकिस्तान में हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार भारत से मिली पराजयों की खुन्नस का परिणाम है, लेकिन सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत की निर्णायक भूमिका रही, आज वहां के कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान की भाषा और मानसिकता अपनाकर न केवल भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं।*

बांग्लादेश और पाकिस्तान में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों पर लगभग प्रतिदिन अत्याचार हो रहे हैं । वहाँ न केवल हिन्दुओं की हत्या की जा रही है, बल्कि उनकी बेटियों और महिलाओं की अस्मिता भी बेखौफ लूटी जा रही है । यदि कोई व्यक्ति अपनी बहन बेटियों की इज्जत बचाने के लिए आवाज उठाता है, तो कट्टरपंथी और नफरती हिंसक भीड़ द्वारा उसका सरेआम कत्लेआम कर दिया जाता है । आज चाहे बांग्लादेश हो या पाकिस्तान, इन देशों में बहुसंख्यक वर्ग के कट्टरपंथी तत्वों ने भारत और हिन्दू विरोधी मानसिकता के चलते अपने ही देश में रह रहे गरीब व मध्यमवर्गीय हिन्दू परिवारों की स्थिति को इतना नारकीय बना दिया है कि वहाँ के हिन्दू समुदाय की हालत देखकर किसी का भी दिल दहल उठे ।

पाकिस्तान में हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार भारत से मिली पराजयों की खुन्नस का परिणाम है, लेकिन सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत की निर्णायक भूमिका रही, आज वहां के कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान की भाषा और मानसिकता अपनाकर न केवल भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं, बल्कि अपने ही देश में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की बहन बेटियों की अस्मत लूटकर उनकी और उनके परिजनों की हत्या तक कर रहे हैं । दुर्भावनावश, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इन हत्यारों को संरक्षण देकर उन्हें परोक्ष रूप से प्रोत्साहित करती दिखाई दे रही है । दुनियाभर में शांति और सद्भाव की दुहाई देने वाला संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकारों की बात करने वाले वैश्विक संगठन, और स्वयं को दुनिया का चौधरी समझने वाला अमेरिका क्या इन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिन्दुओं की चीखें सुनाई नहीं देती हे ? दुनिया में शांति के मसीहा बनने का ढोल पीटने वाले देशों के लिए क्या रोज़ हो रही हत्याएं और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार मानवाधिकार का विषय नहीं हैं ? विश्व मीडिया इन घटनाओं को चौबीसों घंटे प्रसारित कर रहा है, इसके बावजूद अमेरिका सहित अन्य शक्तिशाली देशों का चुप रहना बेहद चिंताजनक है। यदि भारत में अल्पसंख्यक समुदाय या महिलाओं के साथ बहुसंख्यक वर्ग द्वारा अत्याचार की एक भी घटना घटती, तो क्या यही वैश्विक संगठन और देश मौन रहते ? निश्चित ही नहीं । ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह चुप्पी भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को कम करने की एक साजिश है ? यदि नहीं, तो फिर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर यह दोहरा मापदंड क्यों किया जा रहा हे ? यदि संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य वैश्विक संगठन वास्तव में मानवता और वैश्विक शांति के पक्षधर हैं, तो उन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान की सरकारों से सख्त लहजे में बात करनी होगी और वहाँ के अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन का अधिकार दिलाना होगा । अन्यथा, यदि भारत अपने लोगों और हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाता है, तो फिर किसी भी वैश्विक संगठन या तथाकथित मानवाधिकार संरक्षक को आपत्ति करने का नैतिक अधिकार नहीं होना चाहिए।

## डरपोक बाप — बढ़ता राजस्थान

# तेरा बाप हूं मैं.., तेरे बाप में दम है तो करके बता..



**रूपक शर्मा**
संपादकीय प्रभारी, अलवर संस्करण

असली बाप की औलाद है तो.. यानि यहां बाप को इतना बड़ा बनाया गया है कि बाप के आगे कोई कुछ है ही नहीं। लेकिन इधर लेखक ने बाप शब्द के आगे ऐसा शब्द लगाकर बाप शब्द की छुट्टी कर ड़ाली। बाप भी क्या डरपोक होते हैं क्या?

लेकिन ये बात आज के संदर्भ में पूरी तरह से फिट बैठ रही है जी हां

आज के बाप डरपोक ही हैं। समय का बदलाव देखिए एक जमाना था जब पिता कोई सरकारी नौकरी में नहीं थे अपना खुद का व्यपार किया और 60-65 में घर बैठ गए अब बच्चों के कंधे पर व्यपार है लेकिन उस पिता को मरने तक बाप का दर्जा दिया गया। बच्चें उस बाप से खौफ खाते रहे। बिना उनकी इजाजत के कोई काम नहीं किया। आज एकदम विपरित हालात हैं पिता चाहे सरकारी नौकरी में अधिकारी ही क्यों न हो या फिर खुद का धुंआधार बिजनेस ही क्यों ना हो वो अपने ही बेटों से डरता है। ये कैसा सामाजिक डर है?

डर इस बात का है कि बेटे भरी सभा में अपने बाप को आँख दिखाने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। ऐसा अचानक हुआ क्या कि बेटा बाप पर राज करने लगा। उसका सबसे बड़ा कारण एक ही है मित्रों अनाप शनाप इधर-उधर के पैसों का आगमन पिता को भीतर से डरपोक बना रहा है। उसे पता है कि बेटे का पता है माल कहां से आ रहा है। शराब छोडने की कहने वाला पिता खुद शराब पिता है ऐसे में बेटे से किस मुँह से कहे। इसलिए आज का बाप डरपोक है मित्रों। अब आगे आने वाले समय में बाप के नाम से जितने डॉयलोग बने हैं वो धीरे-धीरे धूमिल होने की कगार पर हैं।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# पेट में कैंसर से पहले दिखते हैं ये लक्षण, समय रहते पहचानें वरना हो सकती है बड़ी परेशानी

आज के समय में बदलती लाइफस्टाइल और खानपान के कारण पेट से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। अक्सर लोग पेट दर्द, जलन या गैस को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन कई बार यही मामूली लगने वाले लक्षण किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकते हैं। अगर पेट में दर्द बार-बार हो रहा है, दवा खाने के बाद भी राहत नहीं मिलती या थोड़ी मात्रा में खाना खाने पर ही पेट भरा-भरा महसूस होने लगे, तो इसे हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है।

कई लोग इसके लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और कई बार तो समय से इलाज नहीं कराने की वजह से ये बीमारी जानलेवा हो जाती है। आइए जानते हैं पेट में कैंसर के शुरुआती लक्षण। पेट का कैंसर क्या होता है?

**पेट का कैंसर क्या होता है?**

पेट के कैंसर को मेडिकल भाषा में गैस्ट्रिक कैंसर कहा जाता है। यह बीमारी पेट की अंदरूनी परत से शुरू होती है, जहां कोशिकाएं असामान्य रूप से बढने लगती हैं। धीरे-धीरे ये कोशिकाएं गांठ या ट्यूमर का रूप ले लेती हैं और अगर समय पर इलाज न हो, तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल सकता है।

**पेट के कैंसर के शुरुआती लक्षण**

1. लगातार कमजोरी और थकान महसूस होना -अगर पेट दर्द के साथ-साथ शरीर में लगातार कमजोरी बनी रहती है और रोजमर्रा के काम करने में थकान महसूस होती है, तो यह पेट के कैंसर का शुरुआती संकेत हो सकता है।

**2. मल या उल्टी में खून आना**

पेट के कैंसर में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में ब्लीडिंग हो सकती है। इसके कारण मल काला पड़ सकता है या उसमें खून दिखाई दे सकता है। कुछ मामलों में उल्टी के साथ भी खून आ सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और आपके विदेश जाने के योग बनते दिख रहे हैं, लेकिन आपको किसी से कोई बात सोच समझकर बोलनी होगी। आपके अपने माता-पिता से पूछकर ही कोई निर्णय लें।

**वृष**
आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला होगा। आपको कोई जिम्मेदारी भरा पद मिल सकता है और आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कुछ नए संपर्क से आपको लाभ तो होगा, लेकिन आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आप परेशान रहेंगे। आपके सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क**
आज आपको बेवजह का तनाव लेने से बचना होगा। आध्यात्म के कार्यों में आपका काफी रुचि रहेगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त प्राप्त होगी। आपको किसी सरकारी मामले में सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। विदेश जाने की आप योजना बना सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए करियर के मामले में अच्छा रहने वाला है। आज आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता

**तुला**
आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको कुछ नए इन्वेस्टमेंट करने का मौका मिलेगा और व्यापार में भी आपको किसी को पार्टनर बनना पड़ सकता है। बिजनेस तो पहले से बेहतर चलेगा। यदि आपकी कोई नया घर, मकान अधिक खरीदने की इच्छा थी।

**वृश्चिक**
आज आपकी पद- प्रतिष्ठा बढने से आपका मन काफी खुश रहेगा। करियर को लेकर आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे और किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में भागदौड़ बनी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है, लेकिन आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाने की आवश्यकता है। आप अपने शत्रुओं को भी आप आसानी से मात देने की कोशिश करेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको बेवजह की भागदौड़ रहेगी, लेकिन आपको अपने पार्टनर पर भरोसा बहुत ही सोच समझकर करना होगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए काफी बढिय़ा रहने वाला है। साल के शुरुआत ही आपके लिए बेहतर रहेगी, क्योंकि आप अपनी योजनाओं को पूरा करने में काफी समय लगाएंगे। यदि आपकी किसी बात को लेकर पिताजी आपसे नाराज चल रहे हैं।

**मीन**
आज आपको किसी काम को लेकर कुछ समस्याएं आ सकती हैं और दिन भी आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आपको मौसम के विपरीत प्रभाव से बचने की आवश्यकता है। कारोबार कर रहे लोगों को अपने पार्टनर से कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

## कृष्णा शर्मा का राजस्थान पुलिस टेलिकॉम भर्ती में चयन

बढ़ता राजस्थान



**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांदोलाई अंतर्गत ग्राम खेजडों का बास की सुश्री कृष्णा शर्मा सुपुत्री रविशंकर शर्मा का चयन राजस्थान पुलिस टेलिकॉम भर्ती में होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही इस सफलता की खबर गांव पहुंची, परिजनों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और कृष्णा को बधाइयां दीं। कृष्णा शर्मा की इस उपलब्धि को क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है। चयन के बाद कृष्णा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह मुकाम हासिल हो सका। ग्रामीणों ने भी कृष्णा की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना की तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने कहा कि कृष्णा की सफलता से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है और इससे अन्य युवाओं, विशेषकर बेटियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। यह जानकारी डॉ. जगवीर सिंह खंगारोत ने दी।

## नि:शुल्क आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा शिविर 12 जनवरी से

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में आमजन को आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से 12 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक जिलास्तरीय 10 दिवसीय आवासीय निःशुल्क अंतरंग आयुर्वेद क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन मीणा धर्मशाला, चौथ का बरवाड़ा में किया जाएगा।

सहायक शिविर प्रभारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन माननीय जितेन्द्र गोठवाल, विधायक खण्डार द्वारा किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद विभाग राजस्थान के अनुभवी एवं विशेषज्ञ शल्य चिकित्सकों द्वारा क्षार सूत्र पद्धति से बिना चीर-फाड़ के गुदा रोगों का सुरक्षित एवं स्थायी उपचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविर में अर्श (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर) एवं नाड़ी व्रण रोगों का उपचार क्षार सूत्र विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। यदि किसी रोगी में गुदा मार्ग से रक्तस्राव, सूजन, दर्द, जलन, नासूर, फोड़ा, मवाद, लंबे समय से कब्ज या बार-बार शौच जाने जैसे लक्षण हों, तो वे शिविर में उपचार हेतु लाभ उठा सकते हैं।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई




बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)** । देश में महिला शिक्षा के लिए आजीवन संघर्ष करने वाली, महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर भाजपा जनसेवा संवाद केंद्र पर भाजपा जिला महामंत्री प्रभू बाडोलिया ने चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया।।इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री डॉ प्रभु बाडोलिया, अनिल टिक्कीवाल, मीना प्रजापत ,रामअवतार सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

——

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जयपुर से कोटा जाते समय शीतल होटल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जयपुर से कोटा जाते समय शीतल होटल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं से बातचीत की ।उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्पण व उत्साह ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है ।उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मोदी सरकार की नीतियों की सराहना की व केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी,जिला मंत्री हरिराम यादव कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा,रतिराम पहाडिया,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव,बलवंत मराठा,लोकेश गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पार्टी की रीति- नीति और सिद्धांत महत्वपूर्ण- विधायक रामसहाय वर्मा

भाजपा कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्यामाप्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा रहे। इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा की पार्टी की रीति- नीति और सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं। उसके अनुसार हमें कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र में जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र की निर्वाचन लिस्ट का प्रकाशन हो चुका है।

संपर्क पोर्टल पर सवाई माधोपुर का शानदार प्रदर्शन

# प्रभावी निस्तारण में प्रदेश में तीसरा स्थान

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए राज्य सरकार की महत्वपूर्ण ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर सवाई माधोपुर जिले ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दिसंबर 2025 माह में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में संवेदनशील कार्यसंस्कृति, जन-केन्द्रित प्रशासन तथा सतत निगरानी व्यवस्था को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती है।




| Rank | District Name | Total Register Grievance | Total Disposed | Disposal Percentage | Satisfaction Percentage | Average Disposal Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rajsamand | 4,762 | 3,303 | 69.36 | 62.22 | 11 days |
| 2. | Jhalawar | 9,441 | 6,436 | 68.17 | 63.65 | 10 days |
| 3. | Sawai Madhopur | 13,122 | 8,892 | 67.76 | 66.9 | 10 days |
| 4. | Dungarpur | 2,988 | 2,004 | 67.07 | 59.23 | 10 days |
| 5. | Pratapgarh | 2,778 | 1,746 | 62.85 | 65.39 | 14 days |

राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर जिलों की यह रैंकिंग कुल पंजीकृत शिकायतों, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, निस्तारण प्रतिशत, नागरिक संतुष्टि स्तर तथा औसत निस्तारण समय जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर निर्धारित की जाती है। दिसम्बर 2025 में सवाई माधोपुर जिले में कुल 13,122 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 8,892 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इस प्रकार जिले का निस्तारण प्रतिशत 67.76 प्रतिशत, नागरिक संतुष्टि स्तर 66.9 प्रतिशत तथा औसत निस्तारण समय मात्र 10 दिन रहा, जो प्रदेश के अनेक जिलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। बीते माह जिले का पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का औसत निस्तारण समय श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राजसमन्द जिले से भी बेहतर रहा, जहां शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 13 दिन रहा है।

सवाई माधोपुर जिले में अप्रैल से दिसम्बर 2025 की अवधि में राजस्थान सम्पर्क पर सवाई माधोपुर जिले से सम्बंधित कुल 84,630 प्रकरण/शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 81,015 प्रकरणों का सफलता पूर्वक निस्तारण कर दिया गया। इस अवधि में शिकायतों का निस्तारण प्रतिशत 98.72 प्रतिशत, नागरिक संतुष्टि स्तर 66 प्रतिशत तथा औसत निस्तारण समय मात्र 13 दिन रहा है।

### निरंतर मॉनिटरिंग एवं बेहतर विभागीय समन्वय का परिणाम

जिला कलक्टर काना राम ने कहा कि यह सफलता प्रत्येक शिकायत को जन-समस्या मानकर प्राथमिकता से निस्तारित करने की प्रतिबद्धता, समयबद्ध कार्यवाही, बेहतरीन विभागीय समन्वय तथा नियमित समीक्षा बैठकों का परिणाम है।

### पूर्व में भी उपलब्धियों की मजबूत परंपरा

गौरतलब है कि सवाई माधोपुर जिला पूर्व में भी संपर्क पोर्टल पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करता रहा है। पूर्व वर्षों में जिले ने निरंतर सुधार करते हुए प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ स्थान अर्जित किए हैं।

### आगे भी सुधार की दिशा में सतत प्रयास

जिला कलक्टर ने बताया कि आने वाले समय में जिले का लक्ष्य शिकायतों के शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, नागरिक संतुष्टि स्तर में और वृद्धि तथा औसत निस्तारण समय को और कम करना रहेगा।

## 13 रजबः जहाजपुर में मौला अली के यौमे-विलादत पर परचम कुशाई, लंगर तकसीम कर मनाया जश्न

बढ़ता राजस्थान



**जहाजपुर (गोविंद सिंह सेठी)।** मजहब-ए-इस्लाम के चौथे खलीफा, पहले इमाम और रसूल-ए-पाक के दामाद व चचेरे भाई हजरत अली अलैहिस्सलाम के यौमे-विलादत के मौके पर जहाजपुर में अकीदत और एहतराम के साथ जश्न मनाया गया। इस्लामी तारीख 13 रजब को पूरी दुनिया के मुसलमानों की तरह जहाजपुर में भी दरूदो-सलाम, फातिहा और इसाले सवाब के जरिए हजरत अली को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।

इस अवसर पर तकिया मस्जिद स्थित मदरसे की छत पर परचम कुशाई की गई। राह-ए-हक फाउंडेशन के बैनर तले मौला-ए-कायनात हजरत अली के जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की गई और आम लोगों के लिए लंगर का एहतमाम किया गया। लंगर तकसीम कर आपसी भाईचारे और खुशी का इजहार किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने हजरत अली अलैहिस्सलाम की शख्सियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि आप इल्म का वह दरिया हैं, जिनकी गहराई को नापना मुमकिन नहीं। आपने मजहब-ए-इस्लाम की हिफाजत और सरबुलंदी के लिए ऐसी-ऐसी जंगें फतेह कीं, जो नामुमकिन नजर आती थीं। जंगे खैबर में आपकी बहादुरी आज भी मिसाल है। आपकी शहादत के सदियों बाद भी दुनिया आपके इल्म, शजाअत, इंसाफ और शखावत को याद करती है।

कार्यक्रम के दौरान नारा-ए-तकबीर अल्लाहु अकबर से माहौल गूंज उठा। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम नौजवान मौजूद रहे। प्रमुख रूप से एडवोकेट अब्दुल मुतल्लिब रज़ा, जिशान पठान, साजिद मदारी, अशफाक शाह, समीर मलिक, इदरीस अंसारी, सकलेन मुस्तफा सहित कई अकीदतमंदों ने शिरकत की।

खुशखबरः दशहरा मैदान में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें, होगा विकास

## भारतीय प्रशासनिक अधिकारी गौरव बुडानिया ने मौके पर सुनीं जनसमस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर दशहरा मैदान में मार्निंग एवं इवनिंग वॉक पर नियमित रूप से आने वाले नागरिकों के लिए नगर विकास न्यास, सवाई माधोपुर के सचिव एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया (आईएएस) ने राहत वाली खबर दी है।

दशहरा मैदान का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे भारतीय प्रशासनिक अधिकारी बुडानिया को लोगों ने वहां कई समस्याओं से अवगत कराया! इनमें मुख्य रूप से मैदान में लाइटों के अभाव में समाजकंटकों एवं जीव जन्तुओं से दुर्घटना का भय बताया। लोगों ने बुडानिया को मैदान में स्टाफ रूम के पास समाजकंटकों की ओर से डाली गई शराब की बोतलें भी दिखाई! इस पर बुडानिया ने बताया कि इस बारे में हाईमास्ट लाइटें लगवाने के लिए टैण्डर प्रक्रिया शुरू कर दी है, जल्दी ही लोगों को इसका लाभ मिलेगा! इस पर लोगों ने बुडानिया का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा नियमित रूप से साफ़ सफाई व्यवस्था नहीं होने से जगह-जगह गन्दगी के ढेर लगे बताए! साथ ही पॉलिथीन की थैलियां पड़ी हुई थी। लोगों ने नगर विकास न्यास सचिव से नियमित सफाई कर्मचारी लगाने की बात कही!इस पर बुडानिया ने लोगों को नगर परिषद आयुक्त को इस बारे में निर्देश देने का आश्वासन दिया।

इसी प्रकार लोगों ने भारतीय प्रशासनिक अधिकारी गौरव बुडानिया को बताया कि खेल अधिकारी के पद पर एक वरिष्ठ लिपिक को लगाया हुआ है, जो नियम विरुद्ध है। इस पर बुडानिया ने शीघ्र इस बारे में कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर सेवानिवृत्त चिकित्सक ओ. पी. गर्ग, रवि शर्मा, आकाश मीणा, संजय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अधिवक्ताओं ने किया नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अभिभाषक संघ के तत्वावधान में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संघ के सचिव एडवोकेट रामजीला ने बताया कि न्यायालय परिसर में शनिवार को नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अधिवक्ता ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान बार के वरिष्ठ सदस्य विनयशंकर शर्मा को नोटेरी पब्लिक के पद पर मनोनीत होने पर अधिवक्ताओ ने उनको माला व साफा पहनाकर सम्मानित करके बधाई दी। इस अवसर पर बार अध्यक्ष कन्हैयालाल मीणा, एडवोकेट सीताराम शर्मा, नरेन्द्र कुमार जाट, राकेश मिश्रा, हीरालाल जाट, गिरधरसिंह तंवर, अबरार अहमद, एडवोकेट सतीश शर्मा, बनवारीलाल यादव, रामजीलाल, सोराज जाट, भंवरलाल तिवाडी, रामबाबू शर्मा, जितेन्द्र कुमार बाकोलिया, हीरालाल जाट, रणजीतसिंह राजावत, रामकल्याण पूनिया, रामअवतार शर्मा एवं दयाराम गुर्जर सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## अब स्कूलों में एक्सपायरी दूध पर जीरो टॉलरेंस, लापरवाही पर होगी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार ने मिड डे मील योजना के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले दूध को लेकर अब जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर दी है। किसी भी स्कूल में एक्सपायरी, मिलावटी या घटिया गुणवत्ता का दूध मिलने पर सीधे एफआईआर, सप्लायर की ब्लैकलिस्टिंग और अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई होगी। आयुक्तालय, मिड डे मील योजना ने जिलों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब हर खेप के दूध की मात्रा, गुणवत्ता और पैकिंग की मौके पर जांच अनिवार्य होगी। संदेह की स्थिति में दूध का लैब टेस्ट कराया जाएगा और रिपोर्ट आने तक वितरण रोका जाएगा।

**अब ये अनिवार्य किया गया**

- स्कूलों में एक्सपायरी दूध बच्चों को नहीं पिलाया जाएगा
- सप्लायर से दूध प्राप्त करते समय मात्रा व गुणवत्ता की भौतिक जांच अनिवार्य
- संदेहास्पद दूध की तुरंत लैब जांच
- गुणवत्ता मानकों के विरुद्ध पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई
- जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्य की सीधी जिम्मेदारी तय

पहली बार तय हुई व्यक्तिगत जवाबदेही परिपत्र में पहली बार यह स्पष्ट कर दिया गया है कि लापरवाही पाए जाने पर सिर्फ सप्लायर ही नहीं, बल्कि स्कूल स्तर तक जिम्मेदारी तय की जाएगी। निगरानी बैठकों में दूध की गुणवत्ता की मासिक समीक्षा होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही को अनुशासनात्मक अपराध माना जाएगा।

नगर परिषद द्वारा प्लास्टिक / पॉलीथीन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

## 165 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त, 21,600 रुपये का जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नगर परिषद क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक / पॉलीथीन के उपयोग, बिक्री एवं भंडारण पर रोक के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष जब्ती अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शहर, आलनपुर एवं मानटाउन क्षेत्रों में गठित दो अलग-अलग टीमों द्वारा सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई।

राजस्व अधिकारी चन्द्रकला वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम (सहायक राजस्व निरीक्षक रितु शर्मा, कनिष्ठ अभियंता रीना मीना, कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक अनगीत सिंह एवं इंद्रराज मीना द्वारा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान 65 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर 15,900 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

मानटाउन क्षेत्र में राजस्व अधिकारी विजेन्द्र मीना के नेतृत्व में गठित टीम (राजस्व निरीक्षक सीमा मीना, कनिष्ठ अभियंता नरेन्द्र मीना, स्वास्थ्य निरीक्षक शिवराम मीना एवं होमगार्ड रामदयाल मीना द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 100 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया । तथा 5,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान दोनों टीमों द्वारा कुल 165 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक / पॉलीथीन जब्त की गई तथा कुल 21,600 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यापारियों को प्लास्टिक प्रतिबंध के प्रावधानों की जानकारी दी गई एवं वैकल्पिक पर्यावरण अनुकूल सामग्री के उपयोग हेतु जागरूक किया गया।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जिले के लोगों को जोडऩे की संभावनाओं को तलाशा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जिले के लोगों को जोडऩे की संभावनाओं को लेकर शुक्रवार शाम ग्राम पंचायत चूली के पास स्थापित मधुमक्खी पालन यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं आत्मा परियोजना के उपनिदेशक दिनेश बैरवा भी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने टोंक जिले के नया गांव निवासी प्रगतिशील युवा किसान भरत राम चौधरी द्वारा सरसों के खेत के पास स्थापित मधुमक्खी पालन यूनिट का लगभग एक घंटे तक अवलोकन किया।

प्रगतिशील किसान चौधरी ने बताया कि उन्होंने 2021 में स्वरोजगार के रूप में मधुमक्खी पालन की शुरुआत की थी । उन्होंने किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से अरावली समृद्धि किसान प्रोड्यूसर्स ऑर्गेनाइजेशन स्थापित किया है, इसके माध्यम से वह जिले के ज्यादा से ज्यादा किसानों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जोडऩा चाहते है,ताकि वे इस व्यवसाय की असीम संभावनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने बताया कि इस व्यवसाय से वर्ष भर आय का स्रोत बना रहता है,वह स्वयं वर्तमान में 5 प्रकार के फ्लेवर शहद के का निर्माण कार्य से जुड़े हुए हैं और इच्छुक युवाओं को ट्रेनिंग भी दे रहे हैं।

कृषि विभाग के आत्मा परियोजना के उपनिदेशक दिनेश बैरवा बताया कि टोंक जिले में 3 लाख हैक्टयर क्षेत्र में सरसों की खेती होती है जो मधुमक्खी पालन व्यवसाय के अनुकूल है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष पंजाब व हरियाणा राज्य से किसान यहां आकर मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़े हुए है। साथ ही शहद निकालने के बाद बचे हुए रॉ मटेरियल से भी मॉम व रॉयल जैली निर्माण किया जाता है,जो अतिरिक्त आय को बढ़ाता है।

# राजगढ़ बस स्टैंड अपनी बदहाली पर बहा रहा है आंसू, बस स्टैंड बंद होने से यात्रियों को हो रही है परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजगढ़ कस्बे का बस स्टेंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण राजगढ़ बस स्टैंड अब बंद हो चुका है। एक समय था जब यहां पर दो दर्जन से अधिक बसों के द्वारा अलवर, जयपुर, दिल्ली, महवा, बालाजी, महावीरजी आदि जगह की सीधी बस सेवा उपलब्ध थी। लेकिन आज यह बस स्टैंड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर अब ना रोजगार रहा ना शोर शराबा रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजगढ़ बस स्टैंड पर सैकड़ों की संख्या में यात्री अपने



गंतव्य तक जाने के लिए बस स्टैंड से राजस्थान रोडवेज में सफर करते थे। उस समय यहां हमेशा यात्री आते रहते थे। परन्तु आज एक भी यात्री यहां नहीं आता ना ही कोई बस यहां पर आती है। अब गंगाबाग से बसों का संचालन हो रहा है। जहां एक स्टाफ कार्यरत हैं। सर्व समाज हेल्प टीम के प्रकाश भाबला व राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि राजगढ़ से सैकड़ों लोग रैणी, मण्डावर, टहला, गोला का बास, दिल्ली, जयपुर, बांदिकुई, दौसा, अलवर, बालाजी का सफर करते हैं। रोडवेज बस स्टैंड पर बस उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को निजी वाहनों में सफर करना पड़ रहा है। बसें कोठी नारायणपुर बाईपास या टहला बाईपास होकर निकल जाती है जिसके कारण यात्रियों को निजी साधनों से सफर करना पड़ता है।

**राजगढ़ में बस डिपो बनना था लेकिन राजनीति की चढ़ा भेंट**

कस्बे के गणमान्य लोगों ने बताया कि राजगढ़ में बस डिपो मंजूर हुआ था। जिसके लिए पास में जमीन का आवंटन भी हो गया। परन्तु राजनीति उदासीनता के कारण बस डिपो भी नहीं बना और बस स्टैंड भी खत्म हो गया। यहां पर पहले अनेक कर्मचारी कार्यरत थे। परन्तु बस स्टैंड बंद होने से अब यहां कोई सार संभाल करने वाला नहीं है। राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि राजगढ़ बस स्टैंड पर पूर्व में सब डिपो संचालित होता था। रोडवेज को अच्छी राजस्व प्राप्ति होती थी।

### बस स्टैंड पर रात्रि को रहता है शराबियों का जमावड़ा

यहां रहने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि बस स्टैंड के सामने शराब का ठेका होने के कारण बस स्टैंड के अंदर रात्रि के समय शराबियों का जमावड़ा रहता है। पहले लोग यहां शाम को घुमने आते थे परन्तु शराबियों के जमावड़े के कारण अब यहां आना बंद कर दिया है। यहां पर आवारा पशु विचरण करते हैं तथा निजी वाहनों का जमावड़ा रहता है। जिसके कारण यात्रियों को निजी वाहनों में महंगे किराए में सफर करना पड़ रहा है। कस्बे के गणमान्य लोगों ने बताया कि राजगढ़ में बस डिपो मंजूर हुआ था। जिसके लिए पास में जमीन का आवंटन भी हो गया। परन्तु राजनीति उदासीनता के कारण बस डिपो भी नहीं बना और बस स्टैंड भी खत्म हो गया।

## माँ सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** माँ सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को ज्योतिबा फुले पार्क में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माँ सावित्री बाई फुले एवं ज्योतिबा फुले के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। एडवोकेट जितेन्द्र सैनी ने बताया कि इस अवसर पर सैनी समाज के अध्यक्ष पी.ड़ी सैनी, के.एल सैनी एवं एन. एल. वर्मा ने माँ सावित्री बाई फुले के जीवन, शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान और सामाजिक सुधारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले नारी शिक्षा की अग्रदूत थीं और उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले समिति की अध्यक्ष एडवोकेट अलका सैनी सहित अंजुबाला सैनी, रजनी सैनी, इंद्रा सैनी, पुष्पा सैनी, सरला सैनी, हजारी सैनी, सतेंद्र सैनी, छाजू राम, नंदू सैनी, संतोष सैनी, महेंद्र सैनी, जगदीश सैनी, रामखिलाड़ी सैनी, महेश सैनी, अशोक सैनी, प्रकाश फौजी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में उपस्थितजनों ने माँ सावित्रीबाई फुले के विचारों को आत्मसात कर समाज में शिक्षा और समानता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## गुरु गोविंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के 359 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर कीर्तन निकाली गई। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य सुरजीत सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन गुरूद्वारा साहिब से निकाली गई जो कस्बे के गोल सर्किल, सराय बाजार, तहसील से होते हुए मेला का चौराहा पर पहुंची, उसके उपरांत वापस मेला का चौराहा से गुरूद्वारा साहिब पहुंची। इस दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया। गुरूद्वारा साहिब पहुंचने पर यहां श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन के दौरान रास्ते में हैरतअंगेज करतब दिखाते चल रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग शामिल रहे।

## पौष बड़ा महोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शनिवार को जोहड़ा पटेल नगर स्थित मंदिर श्री 1008 श्री वृंदावन चंद्रमा जी महाराज मंदिर में पौष बड़े का महोत्सव मनाया गया। मंदिर पुजारी पंडित प्रदीप शर्मा मोनू पंडित ने बताया कि महिला मंडली की चंद्रभागा शर्मा के नेतृत्व में महिला मंडली की श्रीमती भगवती यादव, मुकुट सैनी, प्रेम सैनी, कृपा प्रजापत, शकुंतला सैनी, लालता सैनी, मीरा सैनी, मीनू राजपूत, ने भजनों की प्रस्तुति दी मंदिर में सभी भक्तों ने आनंदमय हो कर भजनों पर खूब नृत्य किया महिला मंडली के भजनों के बाद प्रभु के पौष बड़े हल्वा, पुए, और चाय का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## 44वीं राज्यस्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता के लिए टीम सीकर रवाना



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 44वीं राज्यस्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला (सीनियर वर्ग) जो सीकर में दिनांक 03.01.2026 से 04.01.2026 तक आयोजित हो रही है भाग लेने हेतु जिला शूटिंग बॉल संघ, अलवर के उपाध्यक्ष इंजिनियर राजदीप शर्मा सचिव त्रिलोक शर्मा व कोषाध्यक्ष अजय सिंह राठौड़ ने टीमों को रवाना किया। कोच त्रिलोक शर्मा व टीम मेनेजर अजय सिंह राठौड़ एवं महिला कोच तृप्ति वर्मा टीम मेनेजर महिमा के नेतृत्व में दोनों टीमें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। पुरूष वर्ग नीरज तिवाडी कप्तान सुजल सुनेजा उप कप्तान,साहिल, खेमचंद, लव, अंकिता, करण, तरूण सोनी, विक्रम सिंह, सुरेन्द्र कुमार, प्रिन्स सैन, लवेश चौधरी, महिला वर्ग में अंजली कप्तान दीक्षा उप कप्तान, मुस्कान भार्गव, शिवानी, लीना, खुशी सोनी, कोमल शर्मा, कृतिका, प्रियांशी, अनामिका, साक्षी हैं।

## अलवर में सर्दी से बेहोश पड़े मिले व्यक्ति की मौत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे जंक्शन के निकट 28 दिसंबर को सर्दी में परेशान व्यक्ति को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन अगले ही दिन मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जिसके कारण शनिवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया। मेडिकल ज्यूरिष्ट डॉ मनोज शर्मा का कहना है कि व्यक्ति ने अधिक शराब का सेवन किया था। कोतवाली थाने के एसआई इलियास ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास 28 दिसंबर को एक अज्ञात व्यक्ति सर्दी से तड़पता हुआ मिला था। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन 29 दिसंबर को मौत हो गई। उसके बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। अब पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करा अंतिम संस्कार कराया। उप निरीक्षक इलियास खान ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 55 साल थी। वह भिखारी जैसा प्रतीत होता था।

## राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के पदाधिकारियों ने निदेशक और संयुक्त निदेशक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक विश्नोई धर्मशाला बीकानेर में प्रदेशाध्यक्ष भैराराम विश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव ने बताया की प्रांतीय कार्यकारिणी की इस प्रथम बैठक में अलवर में 19-20 दिसम्बर को सम्पन्न हुए प्रांतीय सम्मेलन में तय किए गए नवीन मांग पत्र और कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा की गई। बीकानेर में राज.शिक्षक संघ प्रगतिशील के शिष्टमंडल ने शिक्षा निदेशक सीताराम जाट और संयुक्त शिक्षा निदेशक पुष्पा चावला से मुलाकात की। शिष्टमंडल द्वारा शिक्षा अधिकारीयों को नव वर्ष की



शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपना लंबित मांग पत्र सौंपा जिसमें सभी संवर्गों की नियमित डीपीसी करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करने, 2008 की वेतन विसंगति दूर करने, नियमित भर्ती करने, कमोन्नत विद्यालयों में नए पद सृजित करने, प्रबोधकों को सामान्य शिक्षक मानने, पंचायत शिक्षकों को स्थाई करने, उप प्रधानाचार्य के पदों को यथावत रखने आदि मांगों पर विस्तृत चर्चा की ।

प्रांतीय कार्यकारिणी की बीकानेर में आयोजित इस प्रथम बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अलवर जिले से पूर्व पदो को यथावत रखते हुए रघुनंदन शर्मा को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, अशोक मुखीजा को उपाध्यक्ष,अजय विजय को महामंत्री सामान्य, संतोष सैनी को प्रचार मंत्री और बिरदी चंद प्रजापत को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी कि बैठक में अभिमन्यु सिंह भदोरिया, भूराराम सहारण, सतपाल बिश्नोई, गुरदास वर्मा, शिशुपाल आर्य, नरेंद्र पूनिया, नीतीश साहू, आकाशदीप, राजाराम स्वामी, राममूर्ति स्वामी ओपी नांदीवाल, जोगिंदर सिंह मोठसरा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्र माता सावित्री बाई फूले की मनाई जयंती,दिया सामाजिक समरसता का सन्देश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक उत्थान संस्थान भवन कोठाला कुआँ स्थित राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले की जयंती संगठन के अध्यक्ष रामावतार सैनी की अध्यक्षता में मनाई गईं।

इस मौके पर बोलते हुए समाज के सर्वमान्य नेता एडवोकेट विजय सैनी ने कहा कि जो राष्ट्रपिता फुले व राष्ट्र माता फुले का सपना था उसे साकार करना होगा। इस मौके पर बोलते हुए समाज के सर्वमान्य नेता एडवोकेट विजय सैनी ने कहा कि जो राष्ट्रपिता फुले व राष्ट्र माता फुले का सपना था उसे साकार करना होगा। उस समय उन परिस्थितियों में जो महिलाओं और शूद्र समाज के लिए उन्होंने संघर्ष किया उस संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता!

हमें और हमारे समाज के नवयुवकों को चाहिए कि कि उनके बताए मार्ग पर चलें और संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि नौजवान पीढ़ी को आगे बढ़कर इस ओर कदम बढ़ाना चाहिए. इस मौके पर संरक्षक पूर्व शिक्षा निदेशक पांचूराम सैनी, मामराज सैनी, गोरधन सैनी, अमित सैनी,पूर्व सरपंच मंगलराम सैनी,व्याख्याता हितेश सैनी, राजेश सैनी, विक्रम सैनी, सुभाष सैनी, ओमप्रकाश सैनी, राजाराम सैनी तथा मुकेश सैनी सहित काफ़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवी ललित बेनिवाल के घर नवविवाहित जोड़े को आर्शिवाद देने पहुँचे केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव शनिवार सुबह प्रेम पवित्र भोजनालय के डायरेक्टर ललित बेनीवाल जी के निवास पर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि उनके पुत्र की शादी समारोह में भूपेंद्र यादव जी बाहर गए हुए थे ऐसे में उन्होंने ललित बेनीवाल जी को फोन करके कहा कि जिस दिन बच्चे घर पर होंगे आशीर्वाद देने जरूर आऊंगा। ऐसे में शनिवार को अलवर सांसद व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर आए और स्कीम नम्बर एक स्थित प्रेम पवित्र भोजनालय के डायरेक्टर बेनीवाल के घर पहुँचे।

ऐसे में शनिवार को अलवर सांसद व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर आए और स्कीम नम्बर एक स्थित प्रेम पवित्र भोजनालय के डायरेक्टर बेनीवाल के घर पहुँचे। ललित बनेवाल ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के इस आदर सम्मान पर आभार प्रकट किया। इस दौरान उनके साथ बाबा कलाकंद के निर्देशक अभिषेक तनेजा भी मौजूद रहे।

## डीआईजी बने दवेन्द्र बिश्नोई को शुभकामना देने वालों का लगा तांता



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बहरोड़ कोटपूतली एसपी देवेन्द्र बिश्नाई सर प्रमोट होकर ड़ीआईजी बन गए हैं। ऐसे में उनके चाहने वाले लगातार उनके कार्यालय पहुँचकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं। ऐसे में शनिवार को युवा समाजसेवी रजत जैन भी बहरोड़ कोटपूतली पहुँचें जहां उन्हें उनके कार्यालय पहुँच गुलदस्ता और भगवान श्री राधा कृष्ण विग्रह स्वरूप तस्वीर उन्हें भेंट की।

## राष्ट्र माता हमारे समाज की ही देवी नहीं बल्कि नारीयों के उत्थान के लिए समर्पित भारत माता थी:सैनी

### राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले की जयंती स्वाभिमान के रूप में मनाई गई

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित सैनी महासभा समिति के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फुले की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गईं।

जिसमें भारत की राष्ट्र माता व प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के जीवन से भी परिचय करवाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुन्दर लाल सैनी मार्बल वाले रहे। वहीं अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने की।इस मौके पर सैनी समाज के अनेक समाज बंधुओ ने भाग लिया। सैनी महासभा कार्यकारिणी के उपस्थित सभी सदस्यों ने माता सावित्री बाई फुले व महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें भारत की राष्ट्र माता व प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के जीवन से भी परिचय करवाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुन्दर लाल सैनी मार्बल वाले रहे। वहीं अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने की।इस मौके पर सैनी समाज के अनेक समाज बंधुओ ने भाग लिया। अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी ठेकेदार निरंजन लाल सैनी ने कहा कि हमारे समाज के लिए ही नहीं अपितु सर्वसमाज की महिलाओं सहित सभी समाजों की देवी थी। सैनी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले उस समय पुरुष प्रधान से नहीं डरी जब सिर्फ पुरुषों का ही बोलबाला था। उन्होंने प्रत्येक दिन कितने वस्त्र धोये और बदले यह आज की नारी जाति को पता नहीं है! यदि राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले नहीं होती तो न जाने महिला जाति का क्या होता!उन्होंने कहा कि जो आजादी से पढ़ -लिखकर महिलाएं घूम कर सुरक्षित आ जाती हैं वह सब राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले व राष्ट्र पिता महात्मा ज्योतिबा फुले की देन है। लेकिन मुझे अफ़सोस होता है कि जब मैंने पहली बार देवियों का नाम पूछा तो राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले का नाम नहीं बताया!ठीक यहीं हालात देश की प्रत्येक महिला वर्ग का है। हमें प्रण लेना होगा कि किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में जाने से पूर्व घर की महिलाओं को आगे रखना होगा। तभी सही मायने में राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके संरक्षक ताराचंद सैनी, पूर्व अध्यक्ष सुरेशचंद सैनी,धर्मचंद सैनी कोषाध्यक्ष संतलाल सैनी,महासचिव किशोरी लाल सैनी,उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, जीतराम सैनी,संयोजक रामचंद्र सैनी, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश कटारिया,संतोष सैनी लाइनमैन,मैहर चंद सैनी,अशोक कुमार सैनी,महेश चंद सैनी सहित काफ़ी संख्या में सैनी महासभा के सदस्य मौजूद रहे।


### ‘खुद के पूत कंवारों डोल्ये पाड़ौसी के नौ-नौ फेरा’

## खुद के भवन गिराऊं हैं - ऐतिहासिक धरोहरों को संभाला जा रहा है

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शायद आप में से बहुत से लोग इस लोक कहावत को समझे नहीं होंगे। इस कहावत को पूरी तरह चरितार्थ कर रहा है। पर्यटन व पुरातत्व विभाग। जीं हां ऐतिहासिक धरोहर जो राजा महाराजा बनवा गए उसकी साग संभाल तो अच्छे से हो नहीं रही और ऐसी विरासतों को जहां से आध्यात्मिक मार्ग खुलता हो यानि प्राचीन मन्दिरों इत्यादि पर सरकार टिकट लगाकर आमजन से दूर कर रहा है।

खुद के बनाए हुए भवनों पर रंग रोगन नहीं करवा सक रही सरकार ऐसे में राजा महाराजाओं द्वारा अपनी प्रजा के हित में बनाए जलाश्य या स्मारकों पर कब्जा कर उनके धंधा करने की फिराक में है। एक तो मोबाइल ने वैसे ही सत्यानाश कर रखा है हमारी युवा पीढियों का, ऐसे में ऐतिहासिक धरोहरों पर टिकट लगाकर लोगों की पकड़ से इन्हे दूर करके विरासत संस्कृति की हत्या करने में ये सरकार लगी हुई है। तो ऐसे में कोई अभियान चलाकर युवाओं को एतिहासिक व धार्मिक धरोहरों से जोडना तो दूर बल्कि टिकट लगाकर युवाओं को आमंत्रित किया जाना चाँद पर प्लाट काटने सा प्रतीत हो रहा है। शहर की मूसी महारानी की ऐतिहासिक छतरी जहां आमजन कभी भी जाकर आराम कर सकता था अब उसे देखने के लिए टिकट लगाए जाने का बंदोबस्त किया ता रहा है। मूसी महारानी के सामने सागर जलाश्य के पास स्थित है 209 वर्ष प्राचीन बख्तेश्वर महादेव का मंदिर।यहाँ भगवान शिव माँ पार्वती के साथ दूल्हे-दुल्हन के रूप में राजसी वेश में अपने दोनों पुत्र गणेश व कार्तिकेय जी के साथ विराजमान हैं।ये सभी आदमकद प्रतिमाएं हैं। इस मंदिर में भगवान शिव का वाहन नंदी जी महाराज व पार्वती माता का वाहन सिंह श्वेत पत्थर से निर्मित है।





### महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले की प्रतिमाओं का अनावरण

## शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र का उत्थान : डॉ. सैनी



बढ़ता राजस्थान

**अयाना/कोटा।** महात्मा ज्योतिबा फुले विकास सेवा समिति, अयाना की ओर से सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख बारां नंदलाल सुमन ने कहा कि समाज की प्रगति एकजुटता और सामाजिक समरसता से ही संभव है। नगर पालिका सांगोद अध्यक्ष कविता गहलोत ने फुले दंपती को सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्रोत बताया।

समाजसेवी डॉ. दुर्गा शंकर सैनी ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। सावित्रीबाई फुले द्वारा शिक्षा की अलख जगाने का ही परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

## खैराबाद बायपास पर भीषण सडक़ हादसा, ट्रक चालक की मौत, खलासी घायल

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** क्षेत्र के खैराबाद में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। खैराबाद बायपास पर दो ट्रकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने वाला ट्रक चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया। घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। रामगंजमंडी थाना एसआई सुरेश मीणा ने बताया कि हादसे में आक्यापुरा, गरोठ, मंदसौर (मध्यप्रदेश) निवासी कालूनाथ की मौत हुई है। कालूनाथ रामगंजमंडी में ट्रक का कार्य करवाने आया हुआ था। वह रात करीब 9 बजे के बीच ट्रक की जांच कर रहा था। इसी दौरान खैराबाद से उंडवा रोड की ओर जा रहा प्याज से भरा ट्रक खैराबाद बायपास पर सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से टकरा गया।

## अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, 440 टन अवैध बजरी स्टॉक जब्त

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** राज्य सरकार द्वारा जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत चित्तौडग़ढ़ जिले की तहसील बेगूं क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खनन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से संचित बजरी स्टॉक पर सख्त कार्यवाही करते हुए लगभग 440 टन अवैध बजरी जब्त की गई है। तहसीलदार बेगूं गोपाल जीनगर ने बताया कि 02 जनवरी शनिवार को तहसील बेगूं क्षेत्र के पटवार मंडल मोतीपुरा अंतर्गत ग्राम बड़ाखेड़ा में गहन निरीक्षण एवं तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम के अलग-अलग 05 विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से संचित बजरी का स्टॉक पाया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त बजरी का भंडारण बिना वैध अनुमति एवं नियमों के विपरीत किया गया था। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर नियमानुसार मौका पर्चा तैयार कर अवैध बजरी स्टॉक को जब्त किया गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार जब्त बजरी की कुल मात्रा लगभग 440 टन पाई गई है। जब्त सामग्री को नियमानुसार सुपुर्दगी में लिया गया है तथा संबंधित प्रकरण में आगे की विधिक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

### 23 जनवरी को दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक व शोधार्थियों को पीएचडी उपाधियां देगा कोटा विश्वविद्यालय

## कोटा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरो पर, राज्यपाल ने दी स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा विश्वविद्यालय में आगामी 23 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने इस गरिमामयी समारोह में शामिल होने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। आयोजन कृषि प्रबंध संस्थान,ऑडिटोरियम,सर्किट हाउस के पास नयापुरा में आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.बी.सारस्वत ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न आयोजन समितियों एवं समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में लगभग ढाई घंटे तक समारोह के प्रारूप, व्यवस्थाओं और संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व लगभग 81 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधियां दी जाएंगी। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

रजिस्ट्रार राजपाल सिंह ने बताया कि कुलगुरू प्रो.सारस्वत के नेतृत्व विश्वविद्यालय प्रशासन 7 जनवरी की सायं उस सभागार का निरीक्षण करेगा, जहां दीक्षांत समारोह आयोजित होना है। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल के आगमन, शोभा यात्रा के मार्ग, मंच व्यवस्था, सुरक्षा, प्रोटोकॉल एवं विद्यार्थियों को पदक एवं उपाधि वितरण की व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया जाएगा।

### बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## आमजन को राहत देने के लिए सूचना तकनीक से जुडऩा जरूरी: बिरला

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** अभिभाषक परिषद् कोटा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव सहित कुल 18 पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि आमजन को शीघ्र न्याय और राहत पहुंचाने के लिए न्यायिक व्यवस्था को सूचना तकनीक के साथ और अधिक सशक्त रूप से जोडऩा होगा। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों में कानूनी व तकनीकी जटिलताओं को समझने हेतु एक समिति गठित करने का भी आह्वान किया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यकारिणी में अध्यक्ष भारत सिंह अड़सेला, उपाध्यक्ष कैलाश बामणिया, महासचिव शंभू सोनी, संयुक्त सचिव उल्लास शर्मा, अर्थ सचिव ॠषिराज नागर, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती प्रतिभा सोनी एवं पुस्तकालय अध्यक्ष फूल सिंह भाटी सहित यश नगर, अमोल श्रृंगी, पिंकी, हर्षित गौतम, कार्तिक, सपना, अजय शर्मा, हिना, हेमंत मालव और हितेश मेहता को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

अधिवक्ता संगठन की बैठक में अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। आर्थिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए पूर्व अर्थ सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए लगभग 250 करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वेलफेयर योजनाओं के तहत गंभीर बीमारी की स्थिति में 5 लाख रुपये तथा अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है।

बार काउंसिल सदस्य महेश शर्मा नेकिया ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को विधानसभा से पारित कराने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं के लिए सरकार स्तर पर स्थायी बजट प्रावधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।

मुख्य न्यायाधीश सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी दी कि नए न्यायालय भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है तथा आर्मी से एनओसी जारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पुराने प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं और हाल की लोक अदालतों में कोटा ने सर्वाधिक मामलों के निस्तारण का रिकॉर्ड बनाया है।

वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अधिवक्ताओं की भूमिका ऐतिहासिक रही है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान निर्माताओं द्वारा दिए गए संविधान ने लोकतंत्र को मजबूती दी।

### बाल विवाह के खिलाफ जन-जागरूकता को मिला नया आयाम

## 100 दिवसीय अभियान के तहत सांवरिया कोचिंग क्लास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध जन-जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में संचालित 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत रविवार को सांवरिया कोचिंग क्लास में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री ओम प्रकाश तोषनीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिले भर में निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर राहुल सिंह सोलंकी एवं सरिता मीणा द्वारा उपस्थित कोचिंग विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। विद्यार्थियों को यह भी अवगत कराया गया कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हो, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों, शिक्षा के महत्व तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को यह संदेश दिया गया कि वे स्वयं सजग रहें और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर संस्था प्रधान श्री शिव राज सिंह झाला, मुकेश गुजर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने बाल विवाह के विरुद्ध मिलकर कार्य करने, समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षित भविष्य के लिए एकजुट प्रयास करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने और इसे रोकने में सहयोग करने की शपथ ली। बाल अधिकारिता विभाग ने बताया कि आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## बूंदी अभिभाषक परिषद् का विस्तार, दो मनोनीत सदस्य व प्रवक्ता नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** अभिभाषक परिषद् एवं समस्त कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषद् के अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़, उपाध्यक्ष अनीस अहमद, सचिव पंकज दाधीच सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अभिभाषक परिषद् की कार्यकारिणी के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से परिषद् में दो नए मनोनीत सदस्यों की नियुक्ति की गई। इनमें अरविंद शर्मा एवं अनिल गुजर को अभिभाषक परिषद् की कार्यकारिणी में शामिल किया गया। इसके साथ ही परिषद् की गतिविधियों एवं अधिवक्ताओं से जुड़ी सूचनाओं के बेहतर संप्रेषण के उद्देश्य से मीडिया एवं बार प्रवक्ता के पद पर ओराक नैय्यर नोमी को नियुक्त किया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यकारिणी बैठक में सह सचिव किशन वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा तथा सदस्य एजाज रिज़वी, हेमराज मीणा, कमल गुजर, अंकित शर्मा एवं सोनू सैनी उपस्थित रहे।

नव नियुक्त मीडिया प्रवक्ता एवं मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों का परिषद् की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ ने कहा कि कार्यकारिणी के विस्तार से परिषद् की गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

## हैंगिंग ब्रिज से कोटा बैराज तक का क्षेत्र घड़ियाल अभ्यारण्य से मुक्त होना कोटा के लिए वरदान : पंकज मेहता

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** हैंगिंग ब्रिज से कोटा बैराज तक के क्षेत्र को चंबल घडियाल अभ्यारण्य से मुक्त किए जाने को लेकर कोटा शहर में खुशी का माहौल है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता ने इसे कोटा के विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से अब इस क्षेत्र में विकास कार्य संभव हो सकेंगे, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

मेहता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से हैंगिंग ब्रिज से कोटा बैराज के बीच बसे 40 हजार से अधिक घर घडियाल अभ्यारण्य की सीमा से बाहर हो गए हैं। इससे निर्माण पर लगा प्रतिबंध हटेगा और पट्टे जारी किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत नदी किनारे एक किलोमीटर क्षेत्र प्रतिबंधित था, जिससे वर्षों से विकास बाधित था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निरंतर प्रयासों से पहले नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ से क्षेत्र डिनोटिफाई हुआ, इसके बाद राज्य सरकार ने आदेश जारी कर 23 दिसंबर 2025 को इसकी अधिसूचना जारी की।

## सुरक्षित प्रसव एवं स्वस्थ नारी विषयक संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** जिला अस्पताल चित्तौडग़ढ़ में आज सुरक्षित प्रसव एवं स्वस्थ नारी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिले की विभिन्न सामाजिक महिला संगठनों की प्रतिनिधियों एवं चिकित्सालय स्टाफ ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश वैष्णव द्वारा उपस्थित सभी महिला संगठनों—भाजपा नगर अध्यक्ष (चित्तौडग़ढ़/बेगूं), अखिल भारतीय मारवाड़ी मंडल, राष्ट्रीय सेविका समिति, महिला पतंजलि योग समिति, अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन, आर्ट ऑफ लिविंग, विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी, गायत्री परिवार, इनर व्हील क्लब, महावीर इंटरनेशनल, जीतो, अरबन को-ऑपरेटिव बैंक चित्तौडग़ढ़, बाल कल्याण समिति सहित अन्य संगठनों का स्वागत किया गया।

उन्होंने जिला अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इन्हें और अधिक बेहतर बनाने हेतु महिला संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए।

संगोष्ठी का संचालन महिला एवं प्रसूति विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति विभाग में उपलब्ध समस्त सुविधाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा सामाजिक स्तर पर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।

राष्ट्रीय सेविका समिति की ओर से श्रीमती विमला सेठिया, श्रीमती लता अग्रवाल, डॉ. सुशीला लड्ढा एवं श्रीमती वंदना वजीरानी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला संगठनों द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को सुरक्षित प्रसव एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

गायत्री परिवार की ओर से श्रीमती पार्वती शर्मा, श्रीमती माया सिंह एवं श्रीमती विनाका छीपा सहित अन्य सदस्यों ने गर्भ संस्कार एवं पोषण संबंधी मासिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### प्रदेश की एकमात्र 'पिंक रन-2026' का आयोजन 1 मार्च को

## कोटा ग्रामीण एस पी सुजीत शंकर ने किया पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा फिटनेस एंड रनर फाउंडेशन द्वारा आगामी 1 मार्च को प्रदेश की एकमात्र महिलाओं की दौड़ 'पिंक रन-2026' का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को इसका पोस्टर विमोचन ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, एडीएम सिटी अमित सिंघल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा, डॉ. नीता जिंदल एवं प्रमुख महिला रनर्स द्वारा किया गया।

पिंक रन के निदेशक अमित चतुर्वेदी ने बताया कि वर्ष 2019 से लगातार आयोजित हो रही इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। छठे संस्करण में लगभग 2000 महिलाओं के भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है। फाउंडेशन सदस्यों ने बताया कि दौड़ 5 किमी फन रन, 10 किमी ड्रीम रन और 21 किमी हाफ मैराथन श्रेणियों में होगी।

मुख्य अतिथि सुजीत शंकर ने कहा कि कोटा के नागरिकों में सेहत के लिए दौडऩे का जज्बा है और महिलाओं को फिट रहने के लिए इस तरह के आयोजनों में भाग लेना चाहिए। एडीएम सिटी अमित सिंघल ने कहा कि नियमित दौड़ से व्यक्ति पूरे दिन ऊर्जावान रहता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा ने महिलाओं को फिटनेस को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

आयोजकों ने बताया कि विजेताओं को चार लाख रुपए तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, टाइमिंग बीब, मेडल व अल्पाहार मिलेगा। 1 फरवरी को 3.5 किमी की निःशुल्क प्रोमो साड़ी रन भी आयोजित की जाएगी।

# जन-संवाद से सामाजिक चेतना तक गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का बृजनगर प्रवास, गाँधी पार्क में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

## बंद कमरों में नहीं, जनता के बीच होंगे फैसले, ड्रेनेज और सीवरेज की समस्याओं पर अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शनिवार को बृजनगर में एक अनूठी कार्यशैली का परिचय दिया। मंत्री महोदय ने अपने दिन की शुरुआत औपचारिकताओं के पारंपरिक ढांचे से इतर एक 'जन-सेवक' के रूप में आम नागरिकों के बीच बैठकर की। उनका यह दौरा शहरी विकास की धरातलीय हकीकत जानने और सामाजिक सुधार की वैचारिक अलख जगाने पर केंद्रित रहा।

### गाँधी पार्क में चौपाल, विकास पर सीधा संवाद

शनिवार सुबह की शुरुआत बृजनगर के गाँधी पार्क में एक अनौपचारिक लेकिन अत्यंत गंभीर चौपाल के साथ हुई। गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म ने कुर्सी-मेजों की औपचारिकता छोड़कर आमजन के बीच बैठकर शहर के विकास का रोडमैप साझा किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने ड्रेनेज व्यवस्था और सीवरेज लाइन से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। मंत्री महोदय ने कहा कि नागरिकों से सीधा, खुला और सार्थक संवाद ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। जनता की जमीन से जुड़ी समस्याओं को सुनना, समझना और उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देना ही हमारी सरकार की कार्यशैली का मूल मंत्र है।

### अधिकारियों के साथ ऑन-स्पॉट निरीक्षण

संवाद के तुरंत बाद, गृह राज्य मंत्री एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों और जल-भराव वाले क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण किया। एक जलमग्न क्षेत्र का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंदे पानी की निकासी और सफाई की स्थाई कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**माँ सावित्रीबाई फुलेरू सामाजिक चेतना की प्रणेता** - विकास कार्यों का जायजा लेने के उपरांत, गृह राज्य मंत्री समस्त सैनी समाज, बृजनगर द्वारा आयोजित देश की प्रथम महिला शिक्षिका माँ सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती और भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। समारोह में मंत्री श्री बेढ़म ने माँ सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

अपने उद्बोधन में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि महान समाज सुधारक माँ सावित्रीबाई फुले ने नारी शिक्षा, सामाजिक समानता और जागरूकता की जो अलख जगाई, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आह्वान किया कि उनके विचारों को आत्मसात कर एक समतामूलक और शिक्षित समाज का निर्माण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### ये रहे उपस्थित

**इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, सैनी समाज के गणमान्य नागरिक, नगर पालिका और प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे, जिन्होंने मंत्री महोदय की इस सहज और सक्रिय कार्यशैली की सराहना की।**

# सड़क दुर्घटना में घायल को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाएं

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला यातायात के सहयोग से मनाएं जा रहे माह के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन, गुलाब बाग चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि टेंपो चालकों के बीच संघन समझाइश अभियान चलाया गया है। टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। पता होना यातायात नियमों की पालना करने के लिए हिदायत दी गई है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत में चालकों से कहा कि वह सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा जब भी सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आपसे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की जाएगी और राजस्थान सरकार द्वारा गुड सेमीरेटन के रूप में आपको सम्मानित किया जाएगा। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि मानव धर्म को ऊपर रखते हुए घायलों को चिकित्सालय पहुंचाएं और सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने टेंपो चालकों से कहा कि क्षमता से अधिक सवारियां वाहन में ना बैठाएं। कोहरे के समय रिफ्लेक्टर का उपयोग करें। वह वाहन की हेड लाइट दुरुस्त रखें, तथा वहां के सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें।

इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से एएसआई महेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल बीना सिंह, गुंजन, अशोक, देवेंद्र सिंह, राजकुमार व राजवीर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# द लर्निंग ट्री प्री स्कूल में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों का किया सम्मान

## विद्यालय की निदेशिका हर्षिता गोयल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** द लर्निंग ट्री प्री स्कूल, जवाहर नगर में रंगोत्सव सेलिब्रेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मक प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के बच्चों ने ड्राइंग, कलरिंग, हैंडराइटिंग, कोलाज मेकिंग तथा फिंगर व थम्ब प्रिंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की निदेशिका हर्षिता गोयल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करती हैं। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की निदेशिका हर्षिता गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुछ विद्यार्थियों का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए भी किया गया है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं रंगोत्सव सेलिब्रेशन टीम का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी की पहल पर भरतपुर में शीघ्र खुलेगा राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान

## कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने राज्य सरकार से 10 एकड़ भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिये लिखा पत्र

### डॉ. गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयासों से केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी की पहल पर भरतपुर में शीघ्र ही राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान खुलने का रास्ता साफहो गया है। केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी की पहल पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा राजस्थान सरकार को भरतपुर में 10 एकड भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिये पत्र लिखा गया है।

पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर में नया राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान खुलवाने की पहल करने पर केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि एनएसटीआई के खुल जाने से भरतपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों के युवाओं को भी बेहतर कौशल प्रशिक्षण मिलने का अवसर मिलेगा तथा रोजगार की संभावनायें प्रबल हो सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि डॉ. गर्ग ने पिछले दिनों दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से व्यक्तिगत मुलाकात एवं पत्र के माध्यम से भरतपुर में बेरोजगारी की समस्या को लेकर राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान एवं स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खुलवाने का आग्रह किया था।

# धौलपुर में नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत : गुपचुप किया अंतिम संस्कार, पीहर पक्ष ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप; मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र के इच्छापुरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान गुड़िया (24) पत्नी पंकज के रूप में हुई है, जिसकी शादी लगभग सात माह पहले हुई थी। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पीहर पक्ष का आरोप है कि गुड़िया को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और उसके साथ मारपीट की जाती थी। शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पीहर पक्ष को सूचित किए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पीहर पक्ष ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मनियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि इच्छापुरा गांव में नवविवाहिता की मौत की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध लग रहा है। पीहर पक्ष की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि मृतका का पीहर पक्ष आगरा जिले के खैरागढ़ थाना क्षेत्र के घड़ी तुलसी गांव का निवासी है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रही है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल मामले से जुड़े सभी लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# अवैध खनन पर पुलिस का छापा, 3 आरोपी गिरफ्तार: नकसोदा जंगल से हाइड्रा, कंप्रेसर मशीन और पत्थर ब्लॉक से भरी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए नकसोदा गांव के पास जंगल में अवैध खनन पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से एक हाइड्रा मशीन, एक कंप्रेसर मशीन और पत्थर ब्लॉक से भरी छह ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। इस दौरान अवैध खनन में लिप्त तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कांकरई गांव निवासी महाराज सिंह, विजय सिंह मीणा और श्यामवीर मीणा के रूप में हुई है। इनके खिलाफ अवैध खनन अधिनियम और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि नकसोदा गांव के पास जंगल में अवैध खनन हो रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में एक टीम गठित की गई। इस टीम में हेड कॉन्स्टेबल कलेक्टर सिंह, कॉन्स्टेबल हेमसिंह, राहुल कुमार और लोकेश कुमार शामिल थे, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।



## ट्रेफिक पुलिस द्वारा जप्त साउंड माइको को लेकर झगड़ा, आरोपी ढकेल वालो ने दुकानदार से किया झगड़ा, दुकान पर पथराव,पुलिस कर रही जांच

# ट्रेफिक पुलिस ने रखे थे दुकान पर, पुलिस को फोन करने पर पीड़ित का मोबाईल छीना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** पुलिस द्वारा ठेल-ढकेल वालो से जप्त साउंड माइको को लेकर एक दुकानदार से आरोपित ढकेल वालो द्वारा मारपीट और झगड़े का मामला सामने आया है। उक्त झगड़े में आरोपियों ने दुकान पर पथराव ही किया है। जब पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को फोन करना चाहा तो फोन को भी आरोपियों ने छीन लिया। बाद में सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस और कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी गई है।

शहर की कोतवाली पुलिस द्वारा नागरिकों की शिकायत पर ठेल-ढकेल पर आवाज लगाने के लिए रखे जाने वाले माइको (भोपू) के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण के तहत हो रही इस कार्रवाई को लेकर शहर के लोग पुलिस प्रशासन की सराहना भी कर रहे हैं लेकिन आरोपित ढकेल वालों का दुस्साहस इतना अधिक है कि शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा जब तीन,चार ढकेल वालों के ध्वनि विस्तारक यंत्रों को को जप्त कर बसेड़ी रोड अस्पताल के सामने स्थित एक परचून की दुकान पर रख दिया और बाद में पुलिस आगे कार्रवाई करने चली गई तो आरोपित ढकेल वालो ने दुकानदार पर ही हमला कर दिया।

पीड़ित दुकानदार कुलदीप कुमार मित्तल ने बताया कि उनकी परचून की दुकान पर ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज द्वारा जप्त किए गए तीन,चार साउंड माइक को रख दिया था। पुलिस तो चली गई बाद में आरोपी ढकेल वाले आए और उनसे माइक मांगने लगे। जब उन्होंने मना किया तो झगड़े पर उतारू हो गए। इस पर उन्होंने पुलिस को फोन करना चाहा तो आरोपियों उनका फोन छीन लिया और मारपीट पर उतर आए । जब उन्होंने उनको दुकान से भगाया तो पथराव कर दिया बाद में सूचना पर ट्रैफिक इंचार्ज एवं कोतवाली पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुचा,जिन्होंने पूरे मामले की जानकारी की है और आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़ित कुलदीप कुमार मित्तल ने कोतवाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।ट्रेफिक इंचार्ज गोविन्द सिंह ने बताया की भोपू जप्त कर बसेड़ी रोड स्थित एक दुकान पर रखे थे। जिनको लेकर दुकानदार से कुछ लोगो ने झगड़ा किया है। मामले को लेकर जांच की जा रही है।



# ब्रेस्ट मिल्क में मिला यूरेनियम ब्रेन व किडनी के लिए खराब, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव ने दी विशेष जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भारत के कुछ जिलों में हुई हालिया स्टडी ने लोगों को चौंका दिया है। इस स्टडी में 17 से 35 साल की 40 ऐसी महिलाओं को शामिल किया गया, जो अपने बच्चों को स्तनपान कराती हैं। इन सभी महिलाओं के दूध के सैंपल लिए गए। जांच में सभी सैंपल्स में यूरेनियम पाया गया, जिसकी अधिकतम मात्रा 5.25 माइक्रोग्राम प्रति लीटर तक दर्ज की गई। यूरेनियम केवल रेडियोएक्टिव नहीं होता, बल्कि यह एक खतरनाक केमिकल भी है। यह शरीर में पहुंचकर किडनी और हड्डियों को नुकसान पहुंचाता है। शिशुओं के लिए यह खतरा और ज्यादा है, क्योंकि उनके शरीर का इम्यून सिस्टम पूरी तरह विकसित नहीं होता है। ऐसे में दूध के जरिए यूरेनियम उनका विकास और दिमागी सेहत प्रभावित कर सकता है। भारत में यह समस्या इसलिए गंभीर मानी जा रही है, क्योंकि बिहार समेत कई राज्यों में लोग पीने के लिए सीधे भूजल पर निर्भर हैं और कई इलाकों के पानी में पहले से यूरेनियम मिलने की पुष्टि हो चुकी है। दूषित पानी मां के शरीर से होकर सीधे बच्चे तक पहुंच सकता है। इसलिए यह बेहद चिंताजनक है। उक्त जानकारी पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ सर्जन डा0 अखिलेश श्रीवास्तव की पुत्रवधू वरिष्ठ स्त्री एंव प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने इस पत्रकार को दी।



**सवाल**- ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम मिलने का मतलब क्या है और यह बच्चे तक कैसे पहुंचता है?

**जवाब**- डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम मिलने का मतलब है कि मां के शरीर में मौजूद यह मेटल दूध के जरिए बच्चे तक पहुंच रही है। यूरेनियम आमतौर पर दूषित पीने के पानी, खाने या धूल-मिट्टी के संपर्क से शरीर में प्रवेश करता है।

**सवाल**- यूरेनियम बच्चे के शरीर के किन अंगों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है?

**जवाब**- डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि यूरेनियम का सबसे ज्यादा असर बच्चे की किडनी पर पड़ता है, क्योंकि यही शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का काम करती है। इसकी वजह से किडनी के फिल्टर कमजोर हो सकते हैं। इसके अलावा यूरेनियम हड्डियों में जमा होकर उनकी ग्रोथ को प्रभावित कर सकता है। नवजात शिशुओं में यह दिमागी विकास पर भी असर डाल सकता है, क्योंकि उनका नर्वस सिस्टम पूरी तरह विकसित नहीं होता है। लंबे समय में इससे कमजोरी, धीमी ग्रोथ और स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

**सवाल**- क्या ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम मिलने पर दूध पिलाना तुरंत बंद कर देना चाहिए?

**जवाब**- डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम मिलने की आशंका पर दूध पिलाना तुरंत बंद नहीं करना चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार, ब्रेस्ट मिल्क शिशु के लिए सबसे सुरक्षित और पोषक आहार है। यूरेनियम का स्तर आमतौर पर इतना अधिक नहीं होता कि तत्काल नुकसान करे।

**सवाल**- क्या घर पर उबला हुआ पानी पीने से यूरेनियम का खतरा कम हो जाता है?

**जवाब**- डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि घर पर पानी उबालने से यूरेनियम का खतरा कम नहीं होता है। उबालने से सिर्फ बैक्टीरिया और कीटाणु मरते हैं, लेकिन यूरेनियम एक मेटल एलिमेंट है, जो पानी में घुला रहता है और उबालने से नष्ट नहीं होता है।

**सवाल**- प्रेग्नेंट महिलाओं को यूरेनियम से बचने के लिए क्या-क्या खास सावधानियां अपनानी चाहिए?

**जवाब**- सुरक्षित पानी पिएं, बोरिंग या हैंडपंप का सीधा पानी न लें। डॉक्टर से जांच करवाएं और संतुलित आहार के साथ नियमित एंटीऑक्सिडेंट युक्त भोजन लें।

# नववर्ष आगमन पर कुल्ली बाबा मंदिर पर सजी खाटू नरेश की झांकी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** नववर्ष 2026 के आगमन पर जहां शहर में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। वहीं शहर में विभिन्न मंदिरों पर विशेष आयोजन देखने को मिल रहे हैं। शुक्रवार की शाम शहर के होद मोहल्ला स्थित कुल्ली वाले हनुमान मंदिर पर खाटूश्याम बाबा की अनूठी झांकी सजाई गई। इस दौरान विशेष आरती में शहर के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिनको आरती के बाद प्रसादी का भी वितरण किया गया। कुल्ली हनुमान मंदिर के पुजारी बलराम तिवारी ने बताया कि हर वर्ष नव वर्ष के आगमन पर मंदिर पर भक्तों द्वारा यह विशेष आयोजन होता है। बाबा खाटू श्याम की झांकी के साथ विशेष आरती भी की गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। खाटू श्याम बाबा से सभी की सुख समृद्धि की कामना की गई और आरती के बाद भोग प्रसादी का वितरण किया गया।

## अनिल कुमार छाजेड़ सर्वसम्मति से बने अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकमचंद परिहार की अनुशंसा पर तथा संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से अनिल कुमार छाजेड़ को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। छाजेड़ इससे पूर्व विगत दो वर्षों से राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान संगठन को नई दिशा, मजबूती एवं सक्रियता प्राप्त हुई, जिससे प्रभावित होकर कार्यकारिणी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा है। छाजेड़ सामाजिक, धार्मिक एवं मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित हो चुके हैं। वे सदैव निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में संलग्न रहते हैं और सर्वधर्म समभाव, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्णतः समर्पित हैं। संस्था को पूर्ण विश्वास है कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं कार्यशैली से अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त पहचान प्राप्त होगी।

## रायला प्रवास के दौरान बाबा रामदेव जी के वंशज का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** कोली समाज विकास ट्रस्ट, भीलवाड़ा की ओर से रायला प्रवास पर पधारे बाबा रामदेव जी के वंशज आनंद सिंह तंवर के रायला आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने उनसे विशेष भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समाज की ओर से श्री तंवर का पारंपरिक सम्मान किया गया। उन्हें केसरिया शॉल ओढ़ाई गई तथा भीलवाड़ा की प्रसिद्ध गजक प्रसाद स्वरूप भेंट की गई। श्री तंवर ने समाज द्वारा किए जा रहे सेवा व विकास कार्यों की सराहना करते हुए सभी को शुभाशीर्वाद प्रदान किया। श्री तंवर के साथ पधारे बाबा रामदेव जी के राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक एवं कथावाचक कैलाश बांगड़ का भी ट्रस्ट की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में ट्रस्ट संरक्षक बालूलाल बछापरिया सहित हरि नारायण, सेवंती लाल, मोती लाल आमेरिया, सोहन लाल तलाया, सुनील एवं मुरलीधर लोरवाडिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

ट्रस्ट की ओर से जानकारी दी गई कि श्री तंवर को भीलवाड़ा शहर के प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में प्रतिदिन आयोजित होने वाले सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई।

## नरसिंहपुरा में खड़ी कार में लगी अचानक आग शॉर्ट सर्किट से भडक़ी लपटें, दमकल ने समय रहते पाया काबू



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर के नरसिंहपुरा क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार स्टार्ट करते समय शॉर्ट सर्किट के कारण आग भडक़ी, जो देखते ही देखते कार के अंदरूनी हिस्से में तेजी से फैल गई।

सूचना मिलते ही दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की इस घटना में कार का अंदरूनी हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया। कार मालिक की पहचान नरसिंहपुरा निवासी राजू बाकोलिया के रूप में हुई है।

आग बुझाने के अभियान में फायरमैन विक्की राठौड़, अर्जुन, कृष्णा, मोहम्मद इस्माइल एवं धर्मेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही। समय पर दमकल की कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

## श्री एकलिंग शिवपुराण कथा में पहुंचे विधायक कृपलानी, गुरुदेव का किया अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** श्री पार्श्व भैरव पद्मावती सेवा ट्रस्ट, उदयपुर द्वारा 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक आयोजित श्री महालक्ष्मी कोटी कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा विराट महोत्सव के अंतर्गत श्री एकलिंग शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा कृष्णगिरी पीठाधीश्वर परमहंस परिव्राजकाचार्य जगतगुरु 1008 श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हो रही है। शुक्रवार रात्रि को आयोजन समिति के संयोजक एवं राज्य के पूर्व यूडीएच मंत्री तथा विधायक श्रीचंद कृपलानी शिवपुराण कथा के श्रवण हेतु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने गुरुदेव श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज का उपरना ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

### किताबों से बाहर निकलकर हुनर की दुनिया में कदम

# वोकेशनल शिक्षा से छात्रों में बढ़ा आत्मविश्वास, 10 दिवसीय इंटर्नशिप व ओजेटी का सफल समापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आधुनिक युग की मांगों और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में ब्यावर जिले के अंधेरी देवरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 10 दिवसीय विशेष इंटर्नशिप एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ 25 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हुए इस व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान की सीमाओं से बाहर निकालते हुए कार्यस्थल की वास्तविक चुनौतियों और व्यावसायिक माहौल से रूबरू कराया। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ऑटोमोबाइल ट्रेड के विद्यार्थियों ने मंगलम ऑटोमोबाइल्स (उदयपुर रोड, ब्यावर) एवं श्री श्याम ऑटोमोबाइल्स (अजमेर रोड, ब्यावर) में प्रशिक्षण प्राप्त



किया, जबकि एग्रीकल्चर ट्रेड के विद्यार्थियों ने सत्यम नर्सरी (अजमेर रोड, ब्यावर) में व्यावहारिक अनुभव अर्जित किया कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप के माध्यम से कार्य संस्कृति और व्यावसायिक अनुशासन को समझा, वहीं कक्षा 11वीं के छात्रों ने ओजेटी के जरिए तकनीकी दक्षता विकसित की। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के विशेषज्ञ भानू प्रकाश ने छात्रों को वाहनों की बुनियादी संरचना के साथ-साथ भविष्य में उभरती नई तकनीकों और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं एग्रीकल्चर क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को वीटी सुशील कुमार चौधरी ने आत्मनिर्भरता की दिशा में उपयोगी व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के व्यावसायिक प्रभारी राकेश सिंह चौहान, मंजू वर्मा एवं रश्मि गुर्जर तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक भानू प्रकाश एवं सुशील कुमार चौधरी की अहम भूमिका रही। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों का निरंतर उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सीखने की प्रक्रिया की सतत निगरानी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर ही रोजगारोन्मुखी एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।

# सडक़ों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश से बढ़ रहा हादसों का खतरा, प्रशासन मौन

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ़ शहर में नंदी गौशाला और अन्य गौशालाएं संचालित होने के बावजूद आवारा गोवंश की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों और गलियों में जगह-जगह घूम रहे गोवंश और नंदी न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि आए दिन होने वाले हादसों का कारण भी बन रहे हैं। विशेषकर सर्दी के मौसम में कोहरे और कम दृश्यता के चलते स्थिति और अधिक भयावह हो गई है।



### आमजन में गहरा रोष, प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

इस गंभीर मुद्दे को लेकर शहरवासियों ने कड़ा विरोध जताया है। स्थानीय निवासी बबलू सोनी और सुखदेव सिंह सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में गौशालाओं की उपलब्धता होने के बावजूद बेसहारा पशुओं को वहां स्थानांतरित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बबलू सोनी ने कहा, एक ओर सरकार और प्रशासन गोवंश के संरक्षण के बड़े-बड़े दावे करते हैं, वहीं दूसरी ओर पीलीबंगा की सडक़ों पर ये बेसहारा पशु भूख और ठंड में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### हादसों को न्योता दे रही सडक़ों पर बैठी गौमाता

सुखदेव सिंह सोनी ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। रात के समय अंधेरे और धुंध में सडक़ों के बीच बैठे पशु नजर नहीं आते, जिससे वाहन चालक उनसे टकराकर घायल हो रहे हैं। कई बार ये हादसे जानलेवा भी साबित होते हैं। प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, तभी अब तक कोई समाधान नहीं किया गया।

### समाधान की मांग

शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अभियान चलाकर इन बेसहारा गोवंश और नंदी को गौशालाओं में सुरक्षित पहुंचाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो शहरवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### डांगी पटेल समाज ने खेलकूद प्रतियोगिता के साथ किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## डांगी पटेल समाज के शिविर में 111 यूनिट हुआ रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** डांगी पटेल समाज द्वारा 13वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।साथ ही इस मौके पर डांगी पटेल समाज के जागृति संस्थान के तत्वावधान 7वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 111 यूनिट रक्तदान हुआ।उक्त रक्तदान में संग्रहित रक्त से 51 यूनिट रक्त उदयपुर सरल बल्ड बैंक को दिया गया।शिविर में राधेश्याम डांगी अमराना 22वीं एवं जिला प्रवक्ता शोभालाल डांगी द्वारा 17वीं बार रक्तदान किया गया। इस दौरान संस्थान के सरंक्षक रतन डांगी,जिला अध्यक्ष राजमल डांगी,खेलमंत्री मंगनीराम डांगी, महामंत्री कैलाश डांगी,शांतिलाल डांगी,सुरेश सोमावास,लांगच सरपंच शांतिलाल डांगी,सचिव देवीलाल डांगी,कोषाध्यक्ष प्रकाश गिलुंड, जीएसएस अध्यक्ष किशन डांगी,ग्रामीण मंडल महामंत्री कैलाश सुखवाल,संगठन मंत्री हीरालाल,समाजसेवी रामचंद्र ठिकरिया, जसवंत, गंगाराम, कैलाश डांगी, शंकरलाल देवरी,रमेश लांगच,गोवर्धन तुर्कीया, अनिल, लादूलाल, निलेश,गोपाल,नारायण,नर्सिंगकर्मी शंभूलाल डांगी, विक्रम डांगी,पूजा डांगी,दुर्गा डांगी आदि पदाधिकारी व समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### प्रकाशोत्सव पर निकला भव्य नगर कीर्तन, गुरु महिमा से गूंजा शहर

## पंज प्यारों की अगुवाई में प्रमुख मार्गों से गुजरा नगर कीर्तन

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** शनिवार को कस्बे में सिख पंत के दशवे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, अनूपगढ़ के तत्वावधान में पंज प्यारों की अगुवाई में भव्य एवं आलौकिक नगरकीर्तन का आयोजन किया गया। नगरकीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से प्रारंभ होकर कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर में पहुंचकर भव्य आतिशबाजी से संपन्न हुआ।

गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान युधिष्ठिर सिंह सैनी ने बताया कि नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप को फूलों से सुसज्जित पालकी साहिब में विराजमान किया गया। नगरकीर्तन का कस्बे में जगह-जगह व्यापारिक, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा साध संगत ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तथा जगह जगह गर्म गर्म दूध का स्टाल एवं प्रसाद वितरण किया। नगरकीर्तन में बाबा दीप सिंह गतका अखाडा रायसिंहनगर के युवाओं ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। और कल रविवार को गुरुद्वारा सिंह सभा में श्री अखंड पाठ भोग 9 बजे, एवं कीर्तन दिवान सुबह 11बजे से साय 4:30 बजे तक चलेगा गुरु का अटूट लंगर सुबह 11बजे से बरतेगा। कीर्तन दिवान में बाहर से पधारे रागी,ढाडी एवं कथावाचक श्री अमृतसर साहिब से भाई जगजीत सिंह नूर, मानसा पंजाब से भाई अमरदीप सिंह, गंगानगर से भाई गुरतेज सिंह एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अनूपगढ़ से भाई अमरजीत सिंह नूर द्वारा अपनी वाणी से गुरु का गुणगान करेंगे।

# गंभीरा गांव में आचार्य धर्म सागर महाराज की 113 वी जन्म जयंती पर उमड़े धर्म प्रेमी

### शोभा यात्रा निकाली, सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ,(टी.आर सैनी)।** नैनवाउपखंड क्षेत्र के गंभीरा गांव में आचार्य धर्म सागर महाराज की 113 वी जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई 7 इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में प्रदेश भर से आचार्य धर्म सागर महाराज के शिष्य मौजूद रहे । समाज सेवी महावीर सरावगी ने बताया कि गंभीरा में अपार धर्म प्रभावना से 113 वी जन्म जयंती महोत्सव पर भक्तों द्वारा 95 वी शांति धारा संपन्न की । गंभीरा जिनालय से भगवान की शोभा यात्रा मुनि के सानिध्य में चरण छतरी तक पहुंची ।शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ महिलाएं अपने सिर पर 21 मंगल कलश लेकर चल रही थी।



शोभायात्रा में केसरिया लिबास में महिलाएँ भक्ती भाव से नृत्य करती हुई चल रही थी । शोभा यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया ।

**सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

शोभायात्रा के बाद मंदिर परिसर मेंसम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मंगलाचरण की प्रस्तुति श्रीमती शिवानी जैन हरसोला द्वारा की गई । समान समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर के .पाटन विधायक सी एल प्रेमी व महावीर पराणा धर्मोदय सूतडा अध्यक्ष निमोला रहे । इनके अलावा अध्यक्ष बाबूलाल जैन, अशोक जैन ,अध्यक्षता नवीन जैन लुहाडिया अलीगढ़ रामपुरा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं । संपूर्ण कार्यकारिणी ने बाहर से पधारे अतिथियों का तिलक माला दुपट्टा साल पहनाकर स्वागत सम्मान किया । जन्म जयंती महोत्सव में कई मुनि भक्त शामिल हुए । जयपुर, निवाई टोंक ,अलीगढ़ ,उनियारा ,बासी दुगारी ,गोठड़ा ,जजावर सावंतगढ़ ,रानीपुर ,देई ,नैनवा पलाई ,अलीगढ़ ,रामपुरा उनियारा से धर्म प्रेमियों नेकार्यक्रम में शिरकत की ।

समान समारोह कार्यक्रम का संचालन मोहन जैन मारवाड़ा द्वारा किया गया ,समिति के अध्यक्ष कमलेश जैन सोगानी ने सभी अतिथियों का बाहर से पधारे पधारो का आभार व्यक्त किया। प्रतिष्ठा चार्य नरेंद्र कुमार शास्त्री द्वारा जयंती महोत्सव संपन्न कराया ।

## अनूपगढ़, घडसाना और हनुमानगढ़ के 3 युवको को 20 करोड़ रुपये की हेरोइन और एक पाकिस्तानी ड्रोन सहित किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** एसपी अमृता दुहन ने बताया 1 जनवरी को पुलिस टीम गश्त पर थी। रावला थाना क्षेत्र के 15 केएनडी पुलिया के पास नहर किनारे तीन युवक संदिग्ध हालत में दिखे। उनके पास एक प्लास्टिक का कट्टा था। पुलिस की गाड़ी देखकर वे भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिसके बाद तलाशी में उनके पास से 4 किलो 88 ग्राम हेरोइन और एक ड्रोन बरामद हुआ। जांच में पता चला कि यह हेरोइन पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से भारत लाई गई थी। पुलिस ने मौके से डीजीआई (ष्ठछ्वढ्ढ) कंपनी का ड्रोन भी जब्त किया है। साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगनदीप सिंह उर्फ लब्बू सिंह (26) पुत्र कुलवंत सिंह निवासी चक 10 के अनूपगढ़, नीटू सिंह उर्फ रवनीत सिंह (21) पुत्र हरबंश सिंह निवासी डबली राठान हनुमानगढ़, सतपाल सिंह (27) पुत्र कृष्ण सिंह निवासी चक 04 एसटीआर, घड़साना के रूप में हुई है।

# विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रांतीय शैक्षिक अधिवेशन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक अधिवेशन जयपुर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, आदर्श नगर में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन का समापन सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री कन्हैयालाल मीणा के मुख्य आतिथ्य, संगठन के सभाध्यक्ष ललित आर. पाटीदार की अध्यक्षता तथा शिक्षाविद सोनवीर सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

भीलवाड़ा के शिक्षकों का नेतृत्व कर रहे प्रदेश सह संगठन महामंत्री प्रेम शंकर जोशी के अनुसार अधिवेशन में शिक्षा में गुणात्मक सुधार, नवाचार, विद्यार्थियों में



नैतिक एवं चारित्रिक गुणों के विकास सहित शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर गहन चर्चा कर कई प्रस्ताव पारित किए गए।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में अन्य राज्यों की तर्ज पर राजस्थान में विधान परिषद के गठन तथा उसमें 20 प्रतिशत पद शिक्षकों के लिए आरक्षित करने की मांग रखी। साथ ही शिक्षा विभाग के कार्यालयों में पदस्थ आरएएस अधिकारियों के स्थान पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नियुक्ति, आईएएस पदोन्नति की तरह शिक्षा विभाग के कार्मिकों को भी अनुपात के अनुसार आरएएस पदोन्नति में अवसर देने, नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ करने के साथ अवकाशों की गणना भी 1 अप्रैल से 31 मार्च तक करने की मांग की गई।

अधिवेशन में शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने, पीईईओ व यूसीईईओ पर कार्यभार को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ, स्टेशनरी भत्ता एवं 10 प्रतिशत हार्ड ड्यूटी भत्ता देने, स्थानांतरण की स्थायी व पारदर्शी नीति लागू करने, बकाया डीपीसी शीघ्र कराने तथा वेतन विसंगतियों के निस्तारण सहित अन्य मांगों पर भी प्रस्ताव पारित किए गए। खुले अधिवेशन में भीलवाड़ा के वीणा शर्मा, नारायण चौधरी एवं उब्बेदुल्ला गाजी खान ने अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि कन्हैयालाल मीणा ने संगठन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए शिक्षकों की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताया। प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने संगठन के मांग पत्र के समर्थन में संघर्ष समिति द्वारा उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के विधानसभा क्षेत्र दूदू से विशाल शिक्षक रैली निकालकर आंदोलन का श्रीगणेश करने की घोषणा की।

भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा ने सम्मेलन में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने वाले भीलवाड़ा के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# भाटी बोले- मेरे नाम पर कई लोग टीआरपी लूट रहे

## लूटो जितनी लूट सकते हो, उनसे कहना चाहता हूं- अभी और मेहनत की जरूरत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** भाजपा के शिव विधानसभा सीट से प्रत्याशी रहे स्वरुप सिंह खारा के दुपट्टा बबूल की झाड़ियों में फेंकने के बयान पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- उनको कहना चाहता हूं कि और मेहनत करो। अभी मेहनत की जरूरत है। कई लोगों को मेरे नाम पर टीआरपी मिल रही है तो उनको टीआरपी लेने दो, लूटो... हमारे नाम की जितनी टीआरपी ले सकते हो वो ले लो। भाटी ने कहा- मेरे दादा जी आबकारी में थे, पिता सरकारी टीचर हैं, चाचा ने सरपंच का चुनाव लड़ा था। मेरी जानकारी में नहीं है कि संविधान में कब बदलाव आया कि सरपंचों को पार्टी का सिम्बल दिया गया हो। मैंने तो अब तक सुना नहीं है। शिव विधायक बाड़मेर शहर में पुष्करणा समाज की खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बात की और भाजपा नेता खारा के बयान का पलटवार किया।

### भाटी बोले- मैं टीका टिप्पणी नहीं करता

शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने पूर्व जिलाध्यक्ष और भाजपा प्रत्याशी स्वरूपसिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा- आजादी के समय में कोई बड़ी पार्टी न तो बीजेपी थी और न ही कांग्रेस थी। साल 2023 के विधानसभा चुनाव में हमारा अगर कोई साथ किसी ने दिया है तो शिव की जनता ने दिया है। 2024 लोकसभा चुनाव में अगर किसी ने साथ दिया तो बाड़मेर, बालोतरा और जैसलमेर की जनता ने दिया है। हम लोग जनता के लोग है। मैं पर्सनली किसी पर टीका टिप्पणी नहीं करता हूं। हमेशा प्रयास यह रहता है कि हमारी लकीर को लंबी की जाए। न कि किसी पर टीका टिप्पणी की करें।

# ट्रम्प बोले- वेनेजुएला पर अब हमारा कब्जा

## कहा : वहां की सेना हमारे सामने टिक नहीं पाई; वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पत्नी समेत बेडरूम से घसीटकर पकड़ा







बढ़ता राजस्थान

**काराकस ( एजेंसी )** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अब वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा है। उन्होंने कहा कि जब तक वहां हालात ठीक नहीं हो जाते, वेनेजुएला को अमेरिका ही चलाएगा।

ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की तारीफ कर कहा कि ऐसी बहादुरी दुनिया का कोई और देश नहीं दिखा सकता। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला की आर्मी अमेरिकी सैनिकों के आगे ज्यादा देर तक टिक नहीं पाई। इससे पहले अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 11~30 बजे) वेनेजुएला के 4 शहरों पर एकसाथ हमला किया था। इस दौरान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एक मिलिट्री बेस में सो रहे थे।

ष्ट्हह ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी को बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला को अमेरिकी सैनिक न्यूयॉर्क लेकर आ रहे हैं।



### वेनेजुएला में इमरजेंसी लागू

अमेरिकी हमले के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने बयान जारी कर कहा था कि वे जवाब देंगे। उन्होंने देशभर में इमरजेंसी लगाने का ऐलान किया था। उनके बयान जारी करने के 1 घंटे बाद ट्रम्प ने उन्हें पकड़ने का ऐलान किया।

### वेनेजुएला पर हमले की 3 बड़ी वजह...

1. अमेरिका का कहना है कि वेनेजुएला की सरकार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रही थी और वहां से अमेरिका के खिलाफ साजिशें हो रही थीं।
2. ट्रम्प का आरोप है कि वेनेजुएला उनके देश में कोकीन और फेंटेनाइल जैसी खतरनाक ड्रग्स की तस्करी का बड़ा रास्ता बन चुका है। इसे खत्म करने के लिए मादुरो को सत्ता से हटाना जरूरी है।
3. ट्रम्प का आरोप है कि मादुरो की नीतियों से लाखों वेनेजुएलाई लोगों को देश छोड़ अमेरिका भागना पड़ा। उन्होंने जेल और मानसिक अस्पताल से अपराधियों को अमेरिका भेजा।

# अभिषेक बनर्जी बोले-मुख्य चुनाव आयुक्त जादूगर, वोटर गायब कर रहे

## भाजपा सांसद सांप की तरह, कितना भी दूध पिला लें, एक दिन डसेगा ही



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेसके राष्ट्रीय महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तंज कसते हुए वैनिश कुमार कहा और बीजेपी सांसदों की तुलना सांप से की।

अभिषेक ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा,

आप ज्ञानेश कुमार को जानते हैं? वे जादूगर हैं। जिंदा लोगों को वोटर लिस्ट से गायब कर देते हैं और मरे हुए लोगों को जिंदा दिखा देते हैं। इसलिए अब उनका नाम 'वैनिश कुमार' हैं।

बीजेपी पर हमला बोलते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा- बीजेपी सांसद और सांप एक जैसे हैं। अगर आप अपने घर के पीछे एक-दो सांप पाल लें, तो भी सांप, सांप ही रहेगा। आप उसे दूध पिलाइए, केला खिलाइए, लेकिन वह एक दिन डसेगा ही।

### अभिषेक की 3 बड़ी बातें...

- बीजेपी पश्चिम बंगाल की जनकल्याणकारी योजनाओं, खासकर महिलाओं के लिए चलाई जा रही 'लक्ष्मी भंडार' योजना को कमजोर करना चाहती है। अगर भाजपा को अब जवाब नहीं दिया गया, तो भविष्य में लोगों के वोट देने के अधिकार पर भी हमला हो सकता है।
- बीजेपी शासित मध्य प्रदेश में जहरीला पानी पीने से लोगों की मौतें हुई हैं।जो सरकार अपने लोगों को पीने का साफ पानी तक नहीं दे पा रही है, क्या वह आपको सिर पर छत देने का वादा पूरा कर पाएगी? जब बुनियादी जरूरतें ही पूरी नहीं हो रहीं, तो बड़े-बड़े दावे किस आधार पर किए जा रहे हैं?
- उत्तर बंगाल में अलीपुरद्वार को बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है, लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव में यही इलाका तृणमूल की वापसी की शुरुआत बनेगा। अपने कार्यकर्ताओं से कहता हूं कि हमें यहां हर बूथ जीतना है। एक भी बूथ नहीं छोड़ना है। अगर हम हर बूथ तक मजबूती से पहुंचे, तो जीत हमारी होगी।

# राजस्थान में कोहरे के कारण बस पलटी, 30 पैसेंजर्स घायल : माउंट आबू में पारा 0 डिग्री, रेगिस्तान में बर्फीली हवा, जयपुर-जोधपुर में फ्लाइट लेट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकतर जिले शनिवार को घने कोहरे की चपेट में है। शनिवार सुबह कोटा-झालावाड़ हाईवे पर एक स्लीपर बस भी धुंध के कारण पलट गई। हादसे में 30 से ज्यादा पैसेंजर्स घायल हुए हैं। एक्सीडेंट के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। जयपुर और जोधपुर में कोहरे के कारण कई फ्लाइट भी लेट हुई हैं। वहीं, मौसम विभाग ने आज सीकर, हनुमानगढ़ समेत 10 जिलों में घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। सीकर में न्यूनतम तापमान गिरकर 1.6 डिग्री पहुंच गया है। वहीं, नए साल में पहली बार तापमान 0 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। हिल स्टेशन माउंट आबू में दिन का तापमान जमाव बिंदु पर पहुंच गया। शुक्रवार को रेगिस्तानी जिलों में बाड़मेर, बीकानेर में भी कड़ाके की सर्दी रही। यहां बर्फीली हवा के कारण तापमान 8 डिग्री के करीब रहा।

**सुबह 6 बजे नेशनल हाईवे पर पलटी बस**-कोहरे के कारण कोटा के अलानिया एरिया में शनिवार सुबह 6 भोपाल जा रही बस पलट गई। स्लीपर बस में 30 से ज्यादा यात्री घायल थे। हादसे के दौरान सभी पैसेंजर्स नींद में थे।

इसलिए उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। ज्यादातर





यात्रियों को हल्की चोट आई है। एक्सीडेंट कोटा-झालावाड़ नेशनल हाईवे- 52 केबलनगर व कसार के बीच हुआ। एक्सीडेंट के बाद करीब 20 मिनट तक हाईवे पर ट्रैफिक स्लो रहा।

# जयपुर-हिसार फ्लाइट आखिरी वक्त पर कैंसिल : हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद फ्लाइट लेट, पैसेंजर्स हुए परेशान

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को फ्लाइट शेड्यूल पूरी तरह गड़बड़ा गया है। सबसे ज्यादा परेशानी हिसार जाने वाले पैसेंजर्स को झेलनी पड़ी, जब अलायंस एयरलाइंस की फ्लाइट को आखिरी वक्त पर रद्द कर दिया गया। अचानक हुए इस कैंसिलेशन से एयरपोर्ट पर मौजूद पैसेंजर्स परेशान नजर आए। दरअसल, अलायंस एयरलाइंस की फ्लाइट 9ई- 859 को जयपुर से सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना होना था और दोपहर 12 बजकर 10 मिनट हिसार पहुंचना तय था। हालांकि, उड़ान से ठीक पहले एयरलाइन कंपनी ने ऑपरेशनल कारणों का हवाला देते हुए फ्लाइट को रद्द कर दिया। इसका सीधा असर उन पैसेंजर्स पर पड़ा, जिन्होंने पहले से यात्रा की पूरी तैयारी कर रखी थी। कई पैसेंजर्स जरूरी कामों और निजी कार्यक्रमों के चलते हिसार जा रहे थे, जिन्हें अचानक अपनी योजना बदलनी पड़ी।

**फ्लाइट कैंसिल और देरी से उड़ान भरने से पैसेंजर्स हुए परेशान**- एयरलाइन की ओर से पैसेंजर्स को ऑप्शनल फ्लाइट और रिफंड की सुविधा देने की बात कही गई, लेकिन आखिरी समय में फ्लाइट कैंसिल होने से पैसेंजर्स की परेशानी कम नहीं हो सकी। कुछ पैसेंजर्स ने बताया कि उन्हें न तो समय पर स्पष्ट जानकारी मिली और न ही संतोषजनक विकल्प उपलब्ध कराए गए.

# सिद्धारमैया बोले-मनरेगा हटाकर सरकार ने गांधी को दूसरी बार मारा

## बीजेपी और आरएसएस महिला-दलित विरोधी

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने शनिवार को मनरेगा स्कीम की जगह लाए गए विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को पहली बार गोडसे ने मारा था। लेकिन मनरेगा को खत्म करके केंद्र सरकार ने दूसरी बार महात्मा गांधी को मारा है। बेंगलुरु के एक कार्यक्रम में सिद्धरमैया ने कहा कि मनरेगा का मकसद गरीब और छोटे किसानों को फायदा पहुंचाना था, लेकिन मोदी सरकार ने राज्यों से सलाह किए बिना यह फैसला लिया, जो तानाशाही रवैया दिखाता है। सिद्धारमैया ने बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर महिलाओं, दलितों का विरोध करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा-



मनरेगा को खत्म करके वे कॉर्पोरेट हितों की मदद कर रहे हैं और ग्रामीण आजीविका को नष्ट कर रहे हैं। वीबी रामजी बिल खत्म कर मनरेगा स्कीम को फिर से शुरू करने की जरूरत है।

# भाजपा को आरएसएस कंट्रोल नहीं करता : मोहन भागवत

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भाजपा या विश्व हिंदू परिषद के नजरिए से आरएसएस को समझना गलत है। सभी स्वतंत्र रूप से काम करते हैं और संघ किसी (भाजपा) को कंट्रोल नहीं करता। संघ का उद्देश्य सत्ता, टिकट या चुनाव नहीं, बल्कि समाज की गुणवत्ता और चरित्र निर्माण है।

भोपाल में आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर आयोजित 'प्रमुख जन गोष्ठी' में बोलते हुए भागवत ने कहा कि हम वर्दी पहनते हैं, मार्च निकालते हैं और लाठी का अभ्यास करते हैं। ऐसे में अगर कोई सोचता है कि यह एक पैरा मिलिट्री फोर्स है तो यह एक गलती होगी।

भागवत ने आगे कहा कि हमारे मत-पंथ, संप्रदाय, भाषा और जाति अलग हो सकती है, लेकिन हिंदू पहचान हम सबको जोड़ती है। हमारी संस्कृति एक है, धर्म एक है और हमारे पूर्वज भी समान हैं।

गोष्ठी में मोहन भागवत ने राजनीति, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, युवाओं की दिशा, पारिवारिक जीवन और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर खुलकर बात की।

### भागवत की स्पीच की बड़ी बातें...

**टैरिफ और विदेशी निर्भरता पर स्पष्ट स्टैंड:** अमेरिका के टैरिफ जैसे वैश्विक मुद्दों पर भागवत ने कहा कि भारत को स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि किसी विदेशी वस्तु की आवश्यकता पड़े भी, तो वह भारत की शर्तों पर हो। भारत टैरिफ से डरने वाला देश नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की क्षमता रखता है।

**नई पीढ़ी को भारतीयता से जोड़ने की जरूरत:** जेन-जी और युवाओं को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। चीन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां की पीढ़ी को बचपन से राष्ट्रीय दृष्टि सिखाई जाती



है, भारत को भी अपनी पीढ़ी को संस्कार और इतिहास से जोड़ना होगा।

**फैशन, फास्ट फूड और परिवार पर चिंता:** समाज में फैशन और उपभोक्तावाद की अंधी नकल बढ़ रही है। घर में विवेकानंद का चित्र होगा या किसी पॉप स्टार का, यह समाज की दिशा तय करता है। फास्ट फूड की संस्कृति पर भी उन्होंने संयम की सलाह दी और कहा कि परिवार को साथ बैठकर भोजन करने की आदत लौटानी होगी।

**संघ को समझने की जरूरत:** भागवत ने कहा कि संघ को लेकर समर्थक और विरोधी दोनों ही कई बार गलत नैरेटिव गढ़ते हैं। संघ की असली पहचान समाज निर्माण है और इसी वास्तविक स्वरूप को लोगों तक पहुंचाने के लिए ऐसे संवाद कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

**न प्रतिक्रिया में जन्मा, न किसी से प्रतिस्पर्धा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी के विरोध या प्रतिक्रिया में शुरू नहीं हुआ। संघ की किसी से प्रतिस्पर्धा भी नहीं है। इसके संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे और देश के अनेक महापुरुषों से संवाद के बाद उन्होंने समाज संगठन की आवश्यकता महसूस की।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।